कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 380, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | बुधवार 15 फरवरी 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# कानपुर अग्निकांड: आग से मां-बेटी की मौत, शवों का नहीं हो सका पोस्टमार्टम

**कानपुर देहात:** कानपुर देहात में प्रशासन का तानाशाही रवैया देखने को मिला है। अवैध कब्जे को हटाने को लेकर दो जिंदगियां मौत की आगोश में समां गई। मामले में उप जिलाधिकारी मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, लेखपाल अशोक सिंह, एसओ दिनेश गौतम समेत कई पुलिसकर्मियों और अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। मौत के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी शवों को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा जा सका। परिजन मुख्यमंत्री को मौके पर बुलाने पर अड़े हुए हैं। घटना स्थल पर पीएसी को बढ़ा दिया गया है। मंडौली गांव में रहने वाले शिवम दीक्षित ने पत्रकारों को बताया कि जिस जमीन को लेकर विवाद है, उस जमीन पर 100 साल से हमारे बुजुर्ग ने बगीचा बनाया और मां-पिता 20 साल से पक्का मकान बनाकर रहे हैं। इस दौरान किसी भी प्रशासन के अधिकारी ने इसपर आपत्ति नहीं जताई। उन्होंने कहा कि सोमवार को एसडीएम मैथा ज्ञानेश्वर प्रसाद, लेखपाल अशोक सिंह, रूरा एसएचओ दिनेश कुमार गौतम अपने 12-15 पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान मेरी मां और बहन अपनी झोपड़ी में आराम कर रही थी और वहां पर 22 बकरियां भी थी। शिवम ने कहा कि दीपक जेसीबी ड्राइवर ने सुनियोजित तरीके से फूस की झोपड़ी को बिना मां-पिता और बहन को सूचित किए हुए गिरा दी और लेखपाल अशोक सिंह ने आग लगा दी। इस दौरान एसडीएम मैथा ने कहा कि आग लगा दो, झोपड़ी में कोई बचने न पाए, किसी तरह मैं झोपड़ी के बाहर निकला तो एसएचओ दिनेश गौतम और पुलिसकर्मियों ने मुझे पीटा और आग में फेंकने की कोशिश की।

**यह है पूरा मामला:** जनपद के रूरा थाने के मड़ौली गांव में जो झोपड़ी गिराई गई। उसमें कृष्ण गोपाल दीक्षित अपने परिवार के साथ रहते थे। कृष्ण गोपाल के खिलाफ गांव के ही कुछ लोगों ने अवैध कब्जे की शिकायत की थी। जिस पर 13 जनवरी को कब्जा हटाने के लिए प्रशासन की टीम बुलडोजर के साथ पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने वहां पक्का निर्माण गिरा दिया था। इसी के चलते पूरा पतिवार 14 जनवरी को कानपुर देहात जिलाधिकारी नेहा जैन के कार्यालय पंहुचा था और न्याय की गुहार लगाई थी। इस दौरान उस मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। उसके बाद कृष्ण गोपाल का परिवार वहीं पर फूंस से झोपड़ी बनाकर रहने लगा था। वहीं 13 फरवरी को एक बार फिर उप जिलाधिकारी मैथा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। बताया जाता है



कि गोपाल कृष्ण और उनके परिवार का बुलडोजर दस्ते से कहासुनी हुई और फिर झोपड़े को गिरने से बचाने के लिए मां-बेटी ने खुद को उसमें बंद कर लिया। आरोप है कि बुलडोजर टीम ने पहले नल और मंदिर को गिराया और फिर छप्पर गिरा दिया। छप्पर गिरते ही उसमें आग लग गई। झोपड़ी में मौजूद कृष्ण गोपाल की पत्नी प्रमिला और उनकी 21 साल की बेटी नेहा की आग की चपेट में आने से जलकर मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कृष्ण गोपाल गंभीर रूप से झुलस गए। आग कैसे लगी, इसका खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन परिवार का आरोप है कि एसडीएम के कहने पर लेखपाल ने आग लगाई थी। मृतक महिला का बड़ा बेटा शिवम बजरंग दल में सह संयोजक हैं। दर्जनों की संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता भी वहां पहुंच गए। भीड़ ने मौके से बुलडोजर टीम को खदेड़ दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने मौके पर खड़ी लेखपाल की गाड़ी को पलट दिया। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल के साथ पीएसी भी तैनात कर दी गई है। घटना की जानकारी होने पर कानपुर कमिश्नर, एडीजी कानपुर जोन, आईजी रेंज और प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला भी मौके पर पहुंच गई और घटनाक्रम की जानकारी करते हुए कार्रवाई प्रकरण में शुरू कर दी गई है। बड़ा सवाल उठता है कि जब मां-बेटी ने खुद को झोपड़े में बंद कर लिया था तो फिर बुलडोजर कैसे चल गया, क्या मौके की नजाकत को समझने में बुलडोजर टीम नाकाम रही। मामला बहुत संवेदनशील है और सरकार सख्त कार्रवाई करने के मूड में है।

**नहीं उठ पाए शव:** घटना के 24 घण्टे बीतने को आए थे पर खबर लिखे जाने तक शव को मौके से उठाया नहीं गया या यह कहें कि उठने नहीं दिया गया। परिजनों की तहरीर के आधार पर 39 लोगों पर हत्या का मुकदमा जरूर लिख गया, पर परिजन अभी भी इससे सन्तुष्ट नहीं है। जिसके चलते उन्होंने शव को पोस्टमार्टम होने से मना कर दिया है। परिजनों की मांग है कि मुख्यमंत्री खुद यहां आएं और कार्यवाही का आश्वासन दें तब ही शव का पोस्टमार्टम होगा। मामले को बिगड़ता देख पीएसी को बढ़ा दिया गया है।

## हिंडनबर्ग-अडाणी विवाद: इस पर कोई कमेंट करना सही नहीं होगा, मामला सुप्रीम कोर्ट में है

# अडाणी विवाद: विपक्ष सिर्फ शोर मचाता है: शाह

**नई दिल्ली:** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में अब कुछ ही दिन का वक्त रह गया है। चुनाव से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा की जीत का दावा किया है। शाह ने मंगलवार को कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार अगले पांच वर्षों में राज्य को समृद्ध बनाने के लिए जनादेश मांग रही है।

**विपक्ष सिर्फ शोर मचाता है:** शाह ने कहा कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष के खिलाफ कर रही है, इन आरोपों पर अमित शाह ने कहा- वे (कांग्रेस) कोर्ट क्यों नहीं जाते? जब पेगासस का मुद्दा उठाया गया था तो मैंने कहा था कि सबूत के साथ कोर्ट जाओ, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वे 2002 से मोदी के पीछे हैं। हजारों साजिशों के बावजूद सच सामने आता है। हर बार, मोदी जी मजबूत और अधिक लोकप्रिय बनकर सामने आते हैं।

**नॉर्थईस्ट में कम की मन की दूरी:** शाह ने



कहा कि पीएम मोदी ने 8 साल में 51 बार पूर्वोत्तर का दौरा करके मन की दूरी को हटाया है। हमने 'चलो पलटाई' का नारा त्रिपुरा की स्थिति बदलने के लिए दिया था और आज हालात बदल दिए। कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टी साथ आए हैं, वे मान चुके हैं कि अकेले बीजेपी को नहीं हरा सकते। मतगणना वाले दिन दोपहर 12 बजे से पहले बीजेपी को त्रिपुरा में पूर्ण बहुमत मिलेगा और सरकार बनेगी।

### 'पीएफआई आतंकवादी तैयार कर रहा था'

**पीएफआई** पर कई मामले खत्म करने का काम कांग्रेस ने किया। जिसे कोर्ट ने रोका। हमने पीएफआई को बैन किया। वह देश में धर्मांधता और कट्टरता बढ़ा रहा था। एक तरह से आतंकवादी तैयार कर रहे थे। 1950 से धारा 370 को हटाना हमारे एजेंडे में था। अब वहां जो विकास हो रहा है, आतंकी और आतंकी हमले कम हो रहे हैं, इससे साबित हो रहा है जम्मू-कश्मीर में भी हालात अच्छे हैं।

खालिस्तान मुद्दा पनपने नहीं देंगे: शाह ने कहा कि हमने इस पर कड़ी नजर रखी है, इस मुद्दे पर पंजाब सरकार से भी चर्चा की है। विभिन्न एजेंसियों के बीच अच्छा समन्वय है। मुझे विश्वास है कि हम इसे पनपने नहीं देंगे।

# सीएम योगी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक

## 'वेतन समिति की रिपोर्ट को संस्तुति, स्टाम्प रजिस्ट्रेशन विभाग के समूह 'क' एवं 'ख' के सेवा नियमावली में संशोधन समेत कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके सरकारी आवास पर हुई कैबिनेट बैठक में वेतन समिति की रिपोर्ट को संस्तुति, स्टाम्प रजिस्ट्रेशन विभाग के समूह 'क' एवं 'ख' के सेवा नियमावली में संशोधन समेत कई अहम प्रस्तावों पर मुहर लगी। कैबिनेट की बैठक के बाद वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि राज्य सरकार ने प्रत्येक चयनित 150 आईटीआई में 10 हजार वर्गफीट में कार्यशाला निर्माण के लिए 4282.96 करोड़ रुपये के प्रस्ताव का अनुमोदन किया है। वेतन समिति की संस्तुतियों को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनाई समिति की रिपोर्ट को कैबिनेट की



संस्तुति मिल गयी है। विज्ञापन आधार भर्ती संविदाकर्मियों को सातवें वेतनमान का लाभ देने के प्रस्ताव को कैबिनेट की मंजूरी मिल गयी है। इससे राज्य सरकार पर 29 करोड़ का व्ययभार आएगा। खन्ना ने बताया कि लैब टेक्नीशियन के लिए परिषद का गठन प्रस्ताव को अनुमोदन मिल गया है। इसके अलावा उत्तर प्रदेश स्टाम्प रजिस्ट्रेशन विभाग समूह कऔर समूह ख के सेवा नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव भी कैबिनेट से पास हो गया है। मथुरा गोकुल बैराज के पास वासुदेव वाटिका में सिंचाई विभाग की जमीन को पर्यटन विभाग को सौंदर्यीकरण के लिए निःशुल्क हस्तांतरित किये जाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिल गयी है।

# जम्मू-कश्मीर के लिथियम भंडार को लेकर आतंकियों ने दी धमकी

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर के रियासी में लिथियम भंडार मिलने के बाद एक आतंकी संगठन ने सोमवार को धमकी भरा लेटर जारी किया है। पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट ने लेटर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के संसाधनों की चोरी करने की अनुमित नहीं देगा। ये संसाधन जम्मू-कश्मीर के लोगों के हैं, इन्हें स्थानीय लोगों की जिंदगी को बेहतर करने के लिए इस्तेमाल किया जाना चाहिए। 10 फरवरी को जम्मू-कश्मीर के रियासी में लिथियम का भंडार मिला था। इसकी कैपेसिटी 59 लाख (5.9 मिलियन) टन है। लिथियम के साथ ही सोने के 5 ब्लॉक भी मिले हैं। लिथियम की यह पहली साइट है, जिसकी पहचान जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने जम्मू-कश्मीर के रियासी में की है। लिथियम एक ऐसा नॉन फेरस मेटल (अलौह धातु) है, जिसका उपयोग मोबाइल-लैपटॉप, इलेक्ट्रिक व्हीकल (एश) समेत अन्य चार्जेबल बैटरी बनाने में किया जाता है। यह एक रेअर अर्थ एलिमेंट है। भारत लिथियम के लिए अभी पूरी तरह दूसरे देशों पर निर्भर है।

## अमेरिका: यूनिवर्सिटी में गोलीबारी, तीन की मौत

**वाशिंगटन:** **अमेरिका** की मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी परिसर में गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया है। घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी और कई लोग घायल हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी परिसर में दो स्थानों पर जोरदार गोलीबारी की गयी। पहले सामूहिक गोलीबारी की जानकारी सामने आई थी, बाद में यूनिवर्सिटी पुलिस ने दो जगह गोलीबारी का दावा किया।

## केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय की हत्या की साजिश

**हाजीपुर:** हाजीपुर से एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक बदमाश केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को गोली मारने की बात कर रहा है। कह रहा है कि नित्यानंद राय की सुपारी ले लेता हूं। 2 गोली दाग दूंगा। इसके बाद वो कहता है कि महाशिवरात्रि पर गोली मार दूंगा। 3 साल से यही सपना देख रहा हूं। वीडियो बीते 2 दिनों से वायरल हो रहा था। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ जारी है। वीडियो की भनक लगते ही पुलिस एक्टिव हो





गई और युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस वीडियो में दिख रहे बाकी युवकों की तलाश कर रही है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। नित्यानंद राय को धमकी देने वाले युवक के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत नगर थाने में एफआईआर भी दर्ज किया गया है।

# थोक महंगाई दर में लगातार 8वें महीने गिरावट





**नई दिल्ली:** थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। थोक मूल्य सचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित महंगाई दर जनवरी महीने में घटकर 4.73 फीसदी पर आ गई है। दिसंबर महीने में थोक महंगाई दर 4.95 फीसदी रही थी, जबकि एक साल पहले जनवरी 2022 में यह 13.68 फीसदी थी। थोक महंगाई दर में लगातार 8वें महीने गिरावट दर्ज की गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में थोक महंगाई दर में गिरावट की वजह मिनिरल ऑयल, केमिकल एवं केमिकल उत्पादों, वस्त्रों, क्रूड पेट्रोलियम और नैचुरल गैस तथा खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी आई है। आंकड़ों के मुताबिक जनवरी में थोक महंगाई दर घटकर 4.73 फीसदी पर आ गई है, जबकि दिसंबर महीने में यह 4.95 फीसदी रही था। इस तरह महीने दर महीने के आधार पर थोक महंगाई दर 0.2 फीसदी गिरावट आई है। मंत्रालय के मुताबिक अनाज के मामले में थोक महंगाई दर में 2.41 फीसदी का इजाफा हुआ। सब्जियां 26.48 फीसदी तक सस्ती हुई है, जबकि ऑयल सीड्स की कीमतों में जनवरी में 4.22 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। ईंधन और ऊर्जा बास्केट में थोक महंगाई दर 15.15 फीसदी रही है, जबकि दिसंबर में यह 18.09 फीसदी रही थी। इसी तरह निर्माण क्षेत्र के उत्पादों के मामले में यह 2.99 फीसदी रही, जो दिसंबर महीने में 3.37 फीसदी रही थी। हालांकि, खाने-पीने की चीजों के दाम बढ़ने से जनवरी में खाद्य महंगाई दर 2.95 फीसदी पर पहुंच गई है, जबकि दिसंबर 2022 में यह 0.65 फीसदी पर थी। इसके साथ ही दालों की महंगाई दर बढ़कर जनवरी में 15.65 फीसदी पर आ गई है, जबकि दिसंबर में यह 14 फीसदी पर रही थी।

# बीबीसी के दिल्ली, मुंबई दफ्तर पर आईटी रेड

**नई दिल्ली:** विदेशी समाचार कंपनी ब्रिटिश ब्रॉडकास्टर्स कॉरपोरेशन (बीबीसी) के दिल्ली और मुंबई दफ्तर पर आयकर विभाग ने सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई की है। मंगलवार को आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। आयकर विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि बीबीसी के दिल्ली और मुंबई सहित कुछ अन्य लोकेशन पर सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई शुरू की गई है। आयकर विभाग की ओर से फिलहाल इसकी विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन जल्द ही औपचारिक तौर



पर इस संबंध में जानकारी दी जाएगी। हालांकि, रिपोर्ट्स में बीबीसी के दिल्ली दफ्तर को सील करने और सभी कर्मचारियों के फोन जब्त करने की बात कही जा रही है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में बीबीसी ने 2002 गुजरात दंगे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से जुड़ी डॉक्यूमेंट्री बनाई थी।

# सौ से अधिक देशों के रक्षा प्रमुखों के सम्मेलन की रक्षा मंत्री ने की मेजबानी

**नई दिल्ली: रक्षा मंत्री ने बेंग**लुरु में एयरो इंडिया के दूसरे दिन मंगलवार को रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की मेजबानी की। उन्होंने वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में तेजी से हो रहे बदलावों से निपटने के लिए अधिक सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भारत नियमों पर आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का पक्षधर है, इसलिए आतंकवाद जैसे खतरों का मुकाबला करने के लिए नई रणनीति तैयार करने की आवश्यकता है। भारत की ओर से मित्र देशों को रक्षा साझेदारी की



पेशकश करते हुए राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और क्षमताओं को गिनाया। रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में 27 देशों के रक्षा और उप रक्षा मंत्रियों, 80 देशों के 15 रक्षा एवं सेवा प्रमुखों और 12 स्थायी सचिवों सहित कई देशों के 160 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन का व्यापक विषय 'रक्षा में संवर्धित संलग्नताओं के माध्यम से साझा समृद्धि' था। अपने उद्घाटन भाषण में रक्षा मंत्री ने तेजी से जटिल वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य में अधिक सहयोग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भू-राजनीतिक और सुरक्षा वास्तविकताएं अब अज्ञात गति से बदल रही हैं।

## प्रदेश में 16 फरवरी से चार मार्च तक चलेंगी यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

# नकल की तो लगेगा एनएसए: सीएम योगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में नकल माफियाओं पर नकेल कसने की सरकार की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को उच्च स्तरीय बैठक में नकल विहीन परीक्षा कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि अगर कोई छात्र नकल करते हुए पकड़ा गया तो उसके खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री योगी ने उच्चस्तरीय बैठक में परीक्षाओं को नकल विहीन और पारदर्शी बनाने के लिए कड़े निर्देश दिए हैं। पहली बार मुख्यमंत्री योगी ने नकल करने पर पकड़े जाने पर एनएसए की कार्रवाई के निर्देश दिए।

**परीक्षा में पहुंचाई बाधा तो होगी कुर्की की**



**कार्रवाई:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर अधिकारियों को आदेश दिया कि जिलाधिकारियों की ओर से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया जाएगा। वह परीक्षा खत्म होने के बाद जिलाधिकारी के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक को रिपोर्ट करेंगे, ताकि प्रतिदिन की गतिविधियों की जानकारी उक्त को हो सके। वहीं एग्जाम की कांपियों की सख्त निगरानी के लिए पहली बार प्रधानाचार्य कक्ष से अलग स्ट्रांग रूम बनाया जाए। साथ ही कॉपियों को डबल लॉक अलमारी में रखा जाए और उसकी मॉनिटरिंग 24 घंटे सीसीटीवी से की जाए। सभी जिलों में कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति के बाद एग्जाम से पहले उनका सख्ती का प्रशिक्षण किया जाए।

# पुलवामा हमले के 4 आतंकी अब भी फरार

## 19 में से आठ ढेर किए, सात गिरफ्तार; मोदी बोले- कुर्बानी नहीं भूलेंगे

**पुलवामा-** 14 फरवरी को पुलवामा आतंकी हमले की चौथी बरसी थी। इस दौरान कश्मीर जोन के एडीजीपी विजय कुमार ने कहा कि आतंकी हमले में शामिल 19 आतंकवादियों में से 8 मारे जा चुके हैं। 7 गिरफ्तार हुए। बाकी के चार अब भी फरार हैं, जिनमें तीन पाकिस्तानी शामिल हैं। एडीजीपी ने पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद मीडिया से बात करते हुए ये जानकारी दी। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्वीट कर शहीद हुए जवानों को





श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा- हम जवानों की कुर्बानी नहीं भूलेंगे।

**जैश के सभी टॉप कमांडरों को भी मार गिराया:** एडीजीपी ने कहा कि सुरक्षा बलों ने जैश-ए-मोहम्मद के लगभग सभी टॉप कमांडरों को भी मार गिराया है और बाकियों की तलाश जारी है।

## खबर संक्षेप

### जमीनी विवाद में तीन महिला समेत आधा दर्जन घायल

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर जमीनी विवाद में जमकर लाठी-डंडे चले जिसमें तीन महिला समेत आधा दर्जन लोगों घायल हो गए। खून से लथपथ सभी शिकायत लेकर थाने पहुंचे तो पुलिस ने सभी घायलों को मेडिकल के लिए सीएचसी बनी भेज दिया। कुवाडीह गांव निवासी रामसूरत बिंद का पड़ोसी से लेनदेन व जमीन का लंबे समय से विवाद चल रहा है। मंगलवार की दोपहर दोनों में पुरानी बात को लेकर बहस छिड़ गई। मामला गालीगलौज तक पंहुचा और फिर लाठी-डंडे चलने लगे जिसकी वजह से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया आरोप है कि दबंगों ने रामसूरत के बेटे, बहू, बेटी व पत्नी को भी बुरी तरह पीट कर लहूलहान कर दिया। खून से लथपथ रामसूरत बिंद, बेटे उदयभान, विजयभान, पत्नी फूला, पुत्री सुनीला व बहू गुड़िया के साथ थाने पहुचा और मामले की लिखित शिकायत की। पुलिस सभी को इलाज के लिए भेज मामले की जांच में जुट गई।

# मिट्टी की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक होगी नैनो यूरिया : डा. मनसुख मांडविया

## इफको फूलपुर इकाई में नैनो यूरिया तरल संयंत्र का लोकार्पण कर किया देश को समर्पित

**अखंड भारत संदेश**

**फूलपुर।** इफको नैनो यूरिया तरल किसानों के भविष्य बदलने की योजना बनेगी। यह वैकल्पिक खाद हैं, जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को जीवंत रखती है। किसान की आय व समृद्धि के लिए नैनो यूरिया तरल वरदान साबित हो रही है। अब किसानों को नैनों यूरिया तरल के साथ-साथ आने वाले दिनों में नैनो डीएपी भी उपलब्ध होगी। नैनो यूरिया से किसानों की समृद्धि के साथ-साथ भारत का भी भविष्य बनेगा। उक्त बातें मंगलवार को इफको फूलपुर इकाई में नैनो यूरिया तरल के नवीन संयंत्र का लोकार्पण के बाद समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री भारत सरकार डां मनसुख मांडविया ने कही। उन्होंने कहा कि किसानों को समय व आवश्यकता पर खाद मिले यह सरकार की प्राथमिकता में है। किसान देश के अन्नदाता है, इसलिए एक किसान दूसरे






केन्द्रीय मंत्री का स्वागत करते इफको के अधिकारी व मौके पर उपस्थित किसान

किसानों को नैनो यूरिया तरल के बारे में जानकारी उपलब्ध कराते हुए उसे अपनाने की सलाह दें। उन्होंने कहा कि कालोल में पहले संयंत्र के सफल प्रयोग के बाद उत्तर प्रदेश के आंवला व फूलपुर में प्रतिदिन दो लाख नैनो यूरिया तरल बोतल का उत्पादन किया जाएगा। इस वर्ष ढाई लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी किसानों के यूरिया व खाद खरीद पर सरकार ने दिया है जो अब नैनो यूरिया से उसकी बचत होगी। लोकार्पण अवसर पर इफको इकाई के प्रमुख व वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक संजय कुदेशिया ने आए हुए अतिथियों स्वागत किया। इफको समूह के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने इफको नैनो यूरिया के अविष्कार व अब तक के प्रयत्न के बारे में जानकारी दी। इफको संस्था के उपाध्यक्ष बलवीर सिंह ने आए हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर इफको के प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी, उप प्रबंध निदेशक राकेश कपूर, सांसद फूलपुर केसरी देवी पटेल, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक फूलपुर प्रवीण पटेल, महाप्रबंधक गिरिधर मिश्र, इफको ऑफीसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, कर्मचारी एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज पांडेय, महामंत्री विनय यादव, वित्त एवं लेखा प्रमुख संतोष कुमार सिंह, जनसंपर्क अधिकारी सोनू तिवारी सहित सभी कर्मचारी अधिकारी व क्षेत्र के भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस दौरान लोकार्पण अवसर पर अशोक बेशरम, जितेंद्र जलक, नजर इलाहाबादी, राधेश्याम भारती, अरविंद शुक्ला समर्थ कवियों ने भी अपने कविता पाठ के माध्यम से जहां किसानों को नैनो यूरिया तरल के अविष्कार उपयोग व खूबियों से जानकारी दी।

## सड़क हादसे में कार चालक कोटेदार की हुई मौत साथी भी घायल



**करछना।** प्रयागराज शादी में शामिल होने के लिए घर से निकले करछना बसरिया गांव निवासी दिलीप सिंह उर्फ झब्बर सिंह व उनके साथी हेमंत सिंह सड़क हादसे में शिकार हो गए जिसमें कार चला रहे दिलीप सिंह घटनास्थल पर मौत हो गई कार में बैठे उनके साथी हेमंत सिंह बुरी तरह जख्मी हो गए जिनका स्वरूपरनी नेहरू अस्पताल में इलाज चल रहा है बताया जाता है कि दिलीप सिंह बसरिया गांव में सरकारी राशन की दुकान का वितरक था और उनका साथी हेमंत सिंह के रिश्तेदार धरवारा गांव के लड़के की शादी में शरीक होने के लिए सोमवार शाम करछना से कार लेकर रीवा मध्य प्रदेश के लिए बरात में शामिल होने के लिए निकले थे शाम 8:00 बजे मनगवां मध्य प्रदेश के करीब उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई टक्कर इतना जोर था कि कार हाईवे के नीचे गड्ढे में पलटते हुए चली गई जहां पर राशन वितरक करने वाले कोटेदार दिलीप सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और सूचना परिजनों को मिलने पर कोहराम मच गया पोस्टमार्टम के पश्चात मंगलवार को देर शाम मृतक दिलीप सिंह का अंतिम संस्कार क्षेत्र के मनैया गंगा घाट पर कर दिया गया वहीं उनका साथी गंभीर अवस्था में स्वरूप रानी अस्पताल में इलाज रत है।

# प्रबुद्ध पाठशाला खोले जाने का बुद्धिजीवियों ने किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** बहुजन समाज के पांच से पन्द्रह आयु वर्ग के बच्चों के सृजनात्मक, कलात्मक और व्यक्तित्व विकास के साथ बहुजन रंगमंच के पुनर्स्थापत्य और बहुजन समाज के उच्च प्राथमिक स्तर तक के बच्चों के शैक्षिक विकास के लिये प्रतिबद्ध प्रबुद्ध फाउंडेशन द्वारा यमुनापार की तहसील बारा के अंतर्गत स्थित थाना बारा की ग्रामसभा छिड़िया में 'प्रबुद्ध पाठशाला' खोला गया। प्रबुद्ध पाठशाला में लगभग सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे जिनकी अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषय मे मजबूती प्रदान कर उन्हें कुशाग्र बनाने के लिये पाठशाला के संयोजक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बहुजन समाज के सेवारत और सेवानिवृत्त अधिकारियों/ कर्मचारियों से प्रत्येक रविवार को दोपहर 12 बजे से अपराह्न 04 बजे तक क्लास लेने का आह्वान किया है।प्रबुद्ध पाठशाला के संयोजक उच्च



न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी रंग निर्देशक आईपी रामबृज ने बताया कि भारतीय लोकतंत्र में देश और प्रदेश की सत्ता पर काबिज होती रही चली आ रही सत्ताधारी पार्टियां क्या ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के बच्चों को अच्छी शिक्षा, अच्छी चिकित्सा और सम्मानजनक रोजगार दे पाने में असफल रही है। आज देश की वर्तमान सरकार सरकारी सिस्टम को खत्मकर सरकारी संस्थानो को निजी हाथों में बेचकर देश को निजीकरण के दलदल में डुबोना यानि देश को अप्रत्यक्ष रूप से गुलाम बनाने की प्रक्रिया में लगी है। आईपी रामबृज ने पूछे जाने पर बताया कि भारत जिसे कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था। जिस देश मे दूध की गंगा बहती थी क्या उस सम्मान को वर्तमान सरकार पुनः वापस दिला पाएंगे। प्रबुद्ध पाठशाला अपनी शिक्षा के माध्यम से बहुजन बाहुल्य बस्तियों के बच्चों को कुशाग्र बनाने की प्रक्रिया में लगा है जिसकी चर्चा जोरों पर हो रही है। एक सप्ताह के अन्दर यमुनापार की दौना, पचखरा, इसौटा और सोमवार को छिड़िया जैसे बहुजन बाहुल्य बस्तियों में प्रबुद्ध पाठशाला खोली गयी। छिड़िया ग्रामसभा में प्रबुद्ध पाठशाला गांव के ही स्नातक शिक्षा प्राप्त अनूपा और अनुज तथा अमितेश की देखरेख में संचालित की जाएगी। बच्चों को कुशाग्र बनाकर भारत की खोई हुई विरासत को पुनः वापस दिलाने के साथ साथ देश की अमीरी गरीबी की खाई को समाप्त कर समतावादी प्रबुद्ध भारत राष्ट्र बनाने की प्रक्रिया के लिये संकल्पबद्ध है। रामबाबू गौतम, महेश कुमार, चौधरी, धनीराम, राजमणि, सुनील, अशोक कुमार, लालाराम, देवरती, मंजू, पुष्पा, रामकली, रंजीता, रानी देवी, रेखा, सुनीता, राजकुमारी, पुष्पा राय, विजय लक्ष्मी के साथ सैकड़ो बच्चे उपस्थित रहे।

### नवयुवक ब्राह्मण समाज ने दी पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि

**सहसों।** गारापुर स्थित नवयुवक ब्राह्मण समाज के केंद्रीय कार्यालय पर मंगलवार को एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता करते हुए संगठन के संस्थापक एवं अध्यक्ष लवकेश मिश्रा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा सामाजिकता के तौर पर आपसी वैमनस्यता फैलाने वाले असामाजिक अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने हेतु हम सभी को भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। जैसा कि कानपुर में दीक्षित परिवार के साथ हुई घटना पर रोष जताते हुए उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश सरकार उन अराजक तत्वों पर अंकुश लगाने में असफल रही जिसमें सरकारी अधिकारी, कर्मचारी भी शामिल हैं आज समय आ गया है कि हम सबको एक साथ खड़े होकर इनसे न्यायिक लड़ाई लड़ने का।उन्होंने कहा यह सरकारी गुंडे मंदिर, घर गिराने के चक्कर में लोगों को सपरिवार जिंदा जला दे रहे हैं। इन सब मामलों में दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों को निलंबित करने एवं निष्पक्ष जांच करा कर इनको जेल भेजने की सरकार से मांग भी किया। साथ ही लवकेश मिश्रा ने संगठन के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ कैंडल जलाकर आज ही के दिन पुलवामा में हुए शहीद वीर सपूतों को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दे कर उन्हें शत-शत नमन भी किया। इस अवसर पर नवयुवक ब्राह्मण समाज के समस्त पदाधिकारी, सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लालापुर के भिलोर यमुना घाट पर खनन को लेकर निकली बंदूकें, वीडियो वायरल

**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** थाना क्षेत्र के भिलोर यमुना घाट पर मंगलवार की सुबह खनन को लेकर दो पक्षों में असलहे निकल आये। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो हड़कम्प मच गया । मामले की जांच लालापुर पुलिस कर रही है। लालापुर थाना क्षेत्र के विभिन्न वैध घाटों पर अवैध रूप से बालू का उत्खनन बालू पट्टेदारों व खनन माफियाओं द्वारा किया जा रहा है। मंगलवार के दिन अवैध खनन को लेकर दो पक्षों में बंदूकें निकल आई । जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो इलाके में हड़कम्प मच गया । मामले की जानकारी लिए जाने पर एसओ लालापुर शेर सिंह यादव ने बताया कि मामले की जानकारी और सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को देखने के बाद घाट पर पहुंचकर जांच की गई है। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।





# नाली के विवाद में दो पक्षों में मार पीट कई जख्मी चार हिरासत में

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में जम हुई मार पीट में दोनों ओर से पांच जख्मी हुए है। उचार हेतु मऊआइमा समुदायक स्वास्थ्य केंद्र दोनों पक्षो को ले जाया गया। वह भी दोनों पक्ष घगड़ने लगे। पुलिस ने सभी को हिरासत में ले लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर में नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में जम कर मार पीट हुई। बताते हैं कि दोनों ओर से मोहम्मद आलम ,उबैद अख्तर ,मोहम्मद अख्तर ,आफताब अली ,शमसुल कमर आदि घायल थाने आए तो पुलिस ने दोनों पक्षों का डाक्टरी चेकअप के समुदायक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। बताते हैं कि दोनों फिर भिड गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उबैद अख्तर पुत्र आशिक अली, मोहम्मद अख्तर पुत्र फैसल ,आफताब अली और शमसुल कमर पुत्रगण अब्दुल अजीज को हिरासत में ले लिया है।

### चोरी का अनाज खरीदने वाले दुकानदार के खिलाफ तहरीर

**मऊआइमा।** किसान का तीन बोरा धान चोरी हो गया। जब पता चला तो भुक्भोगी ने चोरी का अनाज खरीदने वाले दुकानदार के खिलाफ तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम दमोदरपुर निवासी छेदीलाल पुत्र राम सहाय का तीन बोरा धान 12 फरवरी को चोरी हो गया था। जब छेदी लाल को मंगलवार को पता चला कि उसका चोरी हुआ धान ग्राम मोहन का पूरा निवासी छेदीलाल गुप्ता पुत्र बंशीलाल के दुकान पर बेचा गया है । तब इसकी सूचना 112 नम्बर को दी गई। वह मौके पर पहुंच कर दुकानदार से तीनों बोरा धान अलग रखवा दिया। छेदीलाल ने मंगलवार को छेदीलाल गुप्ता के खिलाफ तहरीर दी है। तथा चोरी करके बेचने वाले के खिलाफ माल बरामदगी एंव चोरों का पता लगाने की बात कही है। पुलिस तहरीर लेकर दुकानदार से पूछताछ कर चोरी करके धान बेचने वाले के चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है।

समाचार लिखें जाने तक किसी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी थीं।

# मेघना मिश्रा हेड गर्ल, रोहन अग्रवाल हेड बाय

## जेटी में 2022-23 के बैच को दी गयी विदाई

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जगत तारन गोल्डेन जुबिली स्कूल के शिक्षकों के साथ 11वीं कक्षा के छात्रों ने 2022-23 के 12वीं कक्षा के अपने सीनियर्स को विदाई देने की तैयारी की और इस दिन को यादगार बनाने के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन आज किया गया। छात्रों ने पुरानी यादों को ताजा किया और अपने पूरे स्कूल जीवन के खूबसूरत पलों को याद किया। निवर्तमान बैच के छात्रों के लिए यह खुशी का लेकिन भावनात्मक क्षण था।कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की छात्राओं ने मधुर सरस्वती वंदना के साथ भगवान के आशीर्वाद का आह्वान करने के साथ हुई। हेड गर्ल, मेघना मिश्रा और हेड बॉय, रोहन अग्रवाल ने अपने पूरे बैच की ओर से एक भावपूर्ण भाषण दिया। उन्होंने इस बारे में बात की कि कैसे स्कूल ने उन्हें वर्षों से आकार दिया है और उनके अल्मा मेटर के नाम और सम्मान को बनाए रखने का वादा किया। फुट-टैपिंग




बॉलीवुड नंबरों पर एक मैशप गीत के बाद स्कूल बैंड द्वारा वाद्य संगीत की प्रस्तुति दी गई। पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से पासिंग आउट बैच के स्कूली जीवन से चित्रों का बहुरूपदर्शक प्रस्तुत किया गया, जिसके बाद एक नृत्य प्रदर्शन किया गया, जिसने सभागार में उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य श्रीमती सुष्मिता कानूनगो ने छात्रों को उनके जीवन के सबसे महत्वपूर्ण रचनात्मक चरण को पूरा करने के लिए बधाई दी और उन्हें अपने परिवार और समाज की अपेक्षाओं के साथ अपनी आकांक्षाओं के बीच कैसे तालमेल बिठाना है, इस पर उपयोगी सलाह दी।अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले छात्रों को विभिन्न उपाधियों से सम्मानित किया गया। शीर्षक थे - अभिषेक शर्मा, शिवांग वशिष्ठ, हर्षिता घोष (हार्ट इन आर्ट), मिलिंद त्रिपाठी (फास्ट एंड फ्यूरियस), गरिमा ठाकुर और अनुष्का सिंह (यकीनन सर्वश्रेष्ठ), संचिता खत्री (जेटीजीजेएस के कलाम), मेघना मिश्रा (सुभद्रा कुमारी) जेटीजीजेएस के चौहान), अहोना भट्टाचार्य (नृत्य दिवा), रोहन अग्रवाल, शाश्वत श्रीवास्तव (लीड के लिए जन्मे), शुभी पांडे (जेटीजीजेएस की बहुमुखी रानी), विहांशु वैभव (कैंची के जादूगर), दिव्यांशु सत्यम और आदित्य प्रताप शुक्ला (मेहनती और कर्तव्यपरायण) ) और गौरव शर्मा, गार्गी त्रिपाठी (सर्विस एबव सेल्फ)। यह घटना के सबसे प्रतीक्षित भाग की घोषणा का समय था। हर्षवर्धन पांडे ने मिस्टर जेटीजीजेएस का खिताब जीता, जबकि अनुष्का सिंह को सुश्री जेटीजीजेएस का ताज पहनाया गया। जेटीजीजेएस के मिस्टर एंड मिस फैशन आइकन का खिताब क्रमशः रोहन अग्रवाल और तनुश्री दत्ता ने जीता।

## न्यूज झरोखा

### योगेश प्रताप सिंह राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रतापपुर विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त



**जंघई।** राजपूत संगठन राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना में पतैयां गांव निवासी योगेश प्रताप सिंह को प्रतापपुर विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। संगठन की मजबूती और समाज के हित में योगेश सिंह से पूरी ईमानदारी, निष्ठा, तन्मयता एवं ऊर्जा से अपने दायित्व को निर्वहन करने की अपेक्षा की गई है। विपिन प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष प्रयागराज एवं ठाकुर योगेश सिंह जिला प्रभारी प्रयागराज एवं रूद्र प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह, अमित सिंह, अभिषेक सिंह कुंवर रंजन सिंह , अतुल सिंह, मलखान सिंह आदि ने योगेश प्रताप सिंह को उनके नवीन दायित्व की हार्दिक शुभकामनाएं बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया है।

### मजदूर सभा ने उप श्रमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**श्रमिक क्षेत्र के संगठनों ने समस्याओं को ले कर पूरे प्रांत में किया प्रदर्शन**




**प्रयागराज।** हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भोला नाथ त्रिपाठी ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार डीएलसी प्रयागराज मंडल प्रयागराज कार्यालय पर रेलवे संगठन के महा मंत्री आर डी यादव,रमाकांत यादव तथा जिलाध्यक्छ महेंद्र सिंह गड़ा सहित तमाम पदाधिकारी कार्यकताओं ने विभिन्न समस्याओं को ले कर एक ज्ञापन डीएलसी प्रयागराज राजेश मिश्रा को सौंपा। कार्यक्रम में सभी मजदूर संगठनों के महिला पुरुषों श्रमिकों कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। ज्ञापन को डीएलसी ने सरकार तक पहुंचाने और अपने स्तर के मामलों को समाधान करने का आश्वासन दिया।

### तीस बर्षो की सेवा कर रिटायर्ड हुए सुबेदार मेजर



**लेडियारी।** कोरांव के देवीबाँध निवासी हरिशंकर पान्डेय सुबेदार मेजर आनरेडी कप्तान के पद से 31 जनवरी 2022 को सेवानिवृत्त हुए। अपने जन्म भुमि ग्राम देवीबांध पहुंचे बारा फूल मालाओं के वाद बदेमातरम के उदघोष के साथ स्वागत किया गया। साठ वर्ष के इस फौजी का जोश देख ग्रामीणों मे खुशी हुई। आठ मार्च 1993 को डोगरा रेप्लीमेन्ट में भर्ती हुए। पठान कोट हिमांचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर अरुणाचल प्रदेश पंजाब के वठिंडा सहित तमाम सवेंदनशील क्षेत्रो में नीर्भीक होकर सेवा देते हुए 31 जनवरी 2022 को अपने प्रदेश की राजधानी लखनऊ से वे मेजर के पद से रिटायर्ड को गये। उन्हो ने अपनी सेवा का पूरा श्रेय अपने माता पिता व परिवार को दिया। डोगरा रेजिमेन्ट बारा उनकी अभूतपूर्व सराजा की गयी है। मेजर ने बताया कि हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की परिक्षा उतीर्ण करने के बाद उन्हें अपार लालसा थी कि मैं भी यमनुपार 'मे देवीबाँध का नाम अमर के साथ अपना नाम अमर करूंगा रिटायर सकुशल अपने जन्म भुमि आने के वाद हिन्दू रिती रिवाज से पुजा पाठ किए क्षेत्रीय लोगों में खुशी का माहौल व्याप्त है।

# कभी नही भूल सकते शहीदों का सर्वोच्च बलिदान : एसीपी मेजा

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** प्रयागराज जम्मू कश्मीर के पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए मेजा के लाल महेश यादव की चौथी बरसी पर मंगलवार को उनके पैतृक गांव टूरिहार में लोगों का हुजूम उमड़ा। नेता से लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारी व आम लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। सुबह से ही लोगों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया शहीद के पैतृक गांव पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष डीके सिंह यादव की शहादत को नमन किया और परिवार के लोगों से बात की। बता दे कि 2019 में पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए मेजा के टूडीहर गांव के महेश यादव की आज चौथी बरसी मनाई जा रही है। इस दौरान उनके पिता राजकुमार से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि वह दिन भुलाए नहीं भूलता बेटे की शहादत जाया नहीं जाएगी। मेरी नाती आर्मी में जाकर अपने पिता की शहादत का बदला लेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीके सिंह ने शहीद महेश कुमार यादव की देश के लिए शहीद हो गए उनके परिवार को मेरा नमन है।एसीपी मेजा विमल किशोर मिश्र ने शहीद महेश यादव के चित्र



पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। एसीपी विमल किशोर मिश्र ने कहा कि शहीदों का सर्वोच्च बलिदान हम कभी नही भुला सकते हैं। एसीपी मेजा ने आगे कहा कि हमारे देश के सैनिकों को मेरा सैल्यूट है। हमारे देश के सैनिक देश की रक्षा के लिए खड़े रहते हैं और उनका परिवार इधर उनके लिए शोकाकुल रहते हैं और सेना के जवानों व उनके परिवार को मेरा सैल्यूट है। शहीद महेश यादवको मेरा नमन है। शहीद के परिवार के लिए मुझसे जो भी हो सकेगा वह करूंगा।

## निर्मला पासवान ने उप मुख्यमंत्री से हवाई अडडा बनवाने का लिखा पत्र

**मऊआइमा।** मऊआइमा विकास खंड के ग्राम सभा ददौली में सडक के बगल पडे डेढ सौ बीघा जमीन पर एम एल सी निर्मला पासवान ने अन्तराष्ट्रीय हवाई अडडा बनाने का उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के नाम पत्र लिख कर मांग की है। मऊआइमा बिकास खंड के ग्राम सभा ददौली में डेढ सौ बीघा जमीन सरकारी पडी हुई है। जिसपर अवैध कब्जा किया गया है। एम एल सी निर्मला पासवान ने अपने पत्र में मांग कि है की उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या उक्त भूमि पर एक अन्तराष्ट्रीय हवाई अडडा बनवाएं। जिससे प्रयागराज का गौरव बढैगा। बता दें कि यहां हवाई अडडा बनने से बाहर विदेशों विशेष कर खलीज के देशों में रोजी रोटी के लिए रह रहे लोगों को बडी आसानी होगी।

## नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की हांथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की



**जंघई।** भागवत कथा के चौथे दिन महिलेश्वर धाम अनुवां में कथा वाचिका आंचल दुबे ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की संगीतमय कथा सुनाया। कहा कि कलयुग में भागवत की कथा सुनने से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है साथ ही सभी जन्मों के पापों का नाश होता है। कृष्ण जन्म व बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की महत्ता पर प्रकाश डाला। यह भी बताया कि 24 लाख की योनियों में भटकने के पश्चात मानव शरीर की प्राप्ति होती है। जब-जब अत्याचार और अन्याय बढ़ता है तब तक प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। कथावचिका ने कहा कि भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है एवं अहंकार का नाश होता है।इस अवसर पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया संगीतमय भागवत कथा सुनकर उपस्थित लोग भावविभोर हो गये।इस अवसर पर कथा यजमान विनोद पांडेय, उषा पांडेय, सानिध्य प्रेमानंद महाराज, प्रबंधक स्वामी गंगाशरण महाराज, अध्यक्ष अंबिका प्रसाद पांडेय, कोषाध्यक्ष जितेंद्र पांडेय, गामा पांडेय, आशुतोष पांडेय, प्रमोद प्रधान, विजय नाथ उपाध्याय, जितेंद्र दुबे पिंटू, दिनेश मिश्रा, दयाशंकर उपाध्याय, राघोराम उपाध्याय, प्रमोद उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# परेड ग्राउंड में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 1 मार्च को

## पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की वयस्क पुत्रियों हेतु संपन्न होगा कार्यक्रम, मण्डल के चारों जनपदों के 1 से अधिक जोड़े बंधेंगे विवाह के बंधन सूत्र में, डीएम ने कार्यक्रम को सकुशल, भव्य एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु अधिकारियों के निर्धारित किए दायित्व

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित निर्माण कामगार कन्या विवाह योजना के अन्तर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की व्यस्क पुत्रियों हेतु 01 मार्च, 2023 को परेड ग्राउण्ड, माघ मेला क्षेत्र में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उप श्रमायुक्त राजेश मिश्रा ने बताया कि आयोजित होने वाले कार्यक्रम में 1 हजार से अधिक वर/वधुओं का विवाह सम्पन्न कराया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद प्रयागराज, कौशाम्बी, फतेहपुर एवं प्रतापगढ़ के लाभार्थी सम्मिलित होंगे। बैठक में उन्होंने बताया कि इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थी को कुल 75 हजार रुपए की आर्थिक सहायता सीधे आवेदक के खाते में एसएनए के माध्यम से हस्तांतरित किए जाने की व्यवस्था है, जिसमें से लाभार्थी को 65 हजार रुपए की आर्थिक सहायता तथा 10 हजार रुपए पोशाक हेतु हस्तांतरित किए जाने का प्रावधान है। डीएम ने कार्यक्रम को सकुशल, भव्य एवं सफलता पूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों के दायित्व निर्धारित करते हुए कार्यक्रम को सम्पन्न कराये जाने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर अच्छे ढंग से साफ-सफाई, चूना छिड़काव, पेयजल हेतु स्वच्छ पानी व शौचालयों की व्यवस्था का उत्तर दायित्व नगर निगम को दिया है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल के पास पार्किंग की समुचित व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु पुलिस उपायुक्त यातायात को निर्देशित किया है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर श्रम विभाग से सम्बंधित योजनाओं की होर्डिंग लगाये जाने हेतु श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है। कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त मात्रा में महिला सुरक्षा कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। मुख्य चिकित्साधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर एम्बुलेंस सहित पर्याप्त मात्रा में मेडिकल टीम जिसमें महिला चिकित्सकों की भी तैनाती सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है साथ ही साथ उन्होंने दवाओं एवं उपकरणों की भी समुचित व्यवस्था करने के लिए कहा है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर प्रकाश एवं साउण्ड सिस्टम के साथ-साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री शिपू गिरि, एडीएम सिटी मदन कुमार, एडीएम वित एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, जिला विकास अधिकारी भोला नाथ कनौजिया सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण रहे।

## अवैध तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार जिंदा कारतूस भी बरामद

**उतरांव।** उतरांव थाना क्षेत्र के बलीपुर में मुखबिर की सूचना पर तमंचे के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि उतरांव उपनिरीक्षक महेश चंद्र ने गश्त के दौरान सूचना मिली की बलीपुर फ्लाईओवर के पास एक अभियुक्त तमंचे के साथ मौजूद है। जो घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा है। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंची तो युवक पुलिस को देखकर भागने लगा जिस पर पुलिस ने युवक को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान शिव कुमार उर्फ ननका पुत्र स्वर्गीय रामचंद्र निवासी उसमापुर झूंसी प्रयागराज के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय के लिए चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक महेश चंद,सिपाही सोनू यादव,विनोद, भागीरथी,अनीश रहे।

## न्यूज झरोखा

### मेजा ऊर्जा निगम द्वारा किया गया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन, 1029 ग्रामीण हुए लाभान्वित




**मेजा।** मेजा ऊर्जा निगम (प्रा.) लिमिटेड द्वारा झडीयाही, सलैया कला, सलैया खुर्द, इसौता-पतई दांडी, मई कला, मईखुर्द, बिजौरा एवं कोहड़ार गांवों में स्वास्थ्य शिविर एवं आयुष शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में लगभग 1,029 ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में, विभिन्न नियमित चिकित्सा परीक्षण किए गए और लाभार्थियों के बीच उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा सलाह के साथ-साथ मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं।उल्लेखनीय है कि सलैया खुर्द गांव में स्वास्थ्य शिविर के अलावा एक अतिरिक्त आयुष शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें लाभार्थियों के बीच स्वस्थ जीवन के लिए आयुर्वेद की भूमिका पर चर्चा की गई। केदार रंजन पांडु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मेजा ऊर्जा निगम) ने स्वास्थ्य और कल्याण की दिशा में की गई पहल की सराहना की और सामुदायिक विकास की दिशा में कार्य करने के लिए मानव संसाधन-आर एंड आर विभाग को प्रोत्साहित किया।

### कोटवा एटीएम में घुसे चोर गिरफ्तार, गैस कटर व बम किया बरामद




**हनुमानगंज।** सरायइनायत पुलिस ने चार दिन के भीतर क्षेत्र के कोटवा चौराहे पर लगे एसबीआई के एटीएम में चोरी के प्रयास का मंगलवार को खुलाशा किया। थानाध्यक्ष सरायइनायत अरविंद कुमार राय ने बताया कि पकड़े गए युवकों के पास से आधा दर्जन बम भी बरामद हुआ है। बीते शुक्रवार की देर रात हनुमानगंज चौकी के कोटवा चौराहे पर लगे एसबीआई के एटीएम का शटर गिराकर चोर अंदर एटीएम मशीन को गैस कटर से काटने का प्रयास कर रहे थे तभी पड़ोस का एक व्यापारी जग गया और देखा कि एटीएम का शटर अंदर से बंद है अंदर से आवाज आ रही थी उसने शोर मचाया तो और भी लोग इकट्ठा हो कर चोरों को दौड़ा लिया चोर हड़बड़ाहट में एटीएम बूथ के अंदर ही गैस कटर गैस सिलेंडर छोड़कर फरार हो गए। मौके पर आला अधिकारियों ने पूछताछ की थी जिसके बाद स्थानीय पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच भी चोरों की तलाश में लगी हुई थी। मंगलवार को सर्विलांस की मदद से पुलिस ने थाना क्षेत्र के बरईपुर गांव निवासी शोभित तिवारी, सुशांत सिंह, जमुनीपुर का किशन मिश्रा उर्फ जोगा व कोटवा के अनिल मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। युवकों के पास से 6 देसी बम भी पुलिस को मिले हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसओ अरविंद कुमार राय के साथ चौकी इंचार्ज हनुमानगंज आशुतोष दीक्षित, दरोगा सुशील कुमार, मनीष राय, सिपाही इमामुद्दीन खा, विवेक कुमार, आशीष यादव प्रवीण मिश्रा शामिल रहे।

### लखनऊ का नाम बदले जाने के बिरोध मे प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा ने सौंपा राज्यपाल को ज्ञापन

**प्रयागराज।** मंगलवार को प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाला राम सरोज के नेत्रत्त्व मे लखनऊ के निमार्ता महाराजा लाखन पासी की एतिहासिक धरोहर को उत्तरप्रदेश सरकार द्वारा छेड़छाड कर उसका नाम बदलने की मंशा के बिरोध मे जिलाधिकारी प्रयागराज के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौपा इस दौरान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाला राम सरोज ने कहा कि यदि बदलना है तो लखनऊ की जगह महाराजा लाखन पासी नगर किया जाय यदि कोई दूसरा नाम बदल कर पासियों की एतिहासिक धरोहर के साथ छेड़छाड किया गया तो प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा जोरदार इसका विरोध करेगा। ज्ञापन मे प्रमुख रुप से मंगला प्रसाद, चंद्रशेखर पासी ,सुनील पासी, जयदेव, राजेश पासी ,प्रवीण सोनकर ,मुनेश सरोज, विश्वप्रकाश ,अशीस पासी ,सिवा पासी ,प्रदीप पासी ,शिव प्रसाद ,राजेश सोनकर ,अभिषेक सरोज ,धन्नजय पासी, सुयोग सिंह,जय कुमार, प्यारेलाल ,दिलीप कुमार संदीप पासी ,आदि लोग उपस्थित रहे।

# हर फरियादी को सही समय पर उचित न्याय दिलाना हमारी पहली प्राथमिकता : संतोष मीना

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पुलिस कमिश्नर रमित शर्मा संगम नगरी में बेहतर पुलिसिंग बनाने के लिए हर संभव प्रयास करते नजर आ रहे हैं वहीं कल देर रात दो डीसीपी के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नगर डीसीपी रहे संतोष कुमार मीना को यमुनानगर का नया डीसीपी बनाया गया और डीसीपी यमुनानगर रहे दीपक भूकर को नगर का नया डीसीपी बनाया गया ताकि जिले में बेहतर पुलिसिंग बनाने में कामयाबी मिल सके बताते चलें कि 2018 बैच के जांबाज फायर ब्रांड आईपीएस अधिकारी राजस्थान के मूल निवासी यमुनानगर के नए डीजीपी संतोष कुमार मीना आज दोपहर कार्यालय में पहुंचकर अपना कार्यभार संभालने के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए अपनी प्राथमिकता गिनाई डीसीपी ने कहा कि यमुनानगर के सभी थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी को सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं क्षेत्र से अपनी फरियाद लेकर थाने व चौकी पर आने वाले हर एक पीड़ित के साथ अच्छा

**चार्ज संभालते ही एक्शन में आए डीसीपी अपराधियों की कुंडली तैयार करने का दिए निर्देश**



व्यवहार होना चाहिए और एप्लीकेशन जांच कर तत्काल न्याय दिलाने का प्रयास करें जांच से पहले निर्दोष व्यक्ति को कतई परेशान ना किया जाए जांच के दौरान जो भी दोषी निकले उनको किसी भी सूरत में बख्शा ना जाए जिससे कि आम जनमानस में पुलिस व जनता के बीच में बेहतर संवाद बनाने में कामयाबी मिल सके डीसीपी संतोष कुमार मीना ने कहा यमुनानगर में अवैध कारोबार करने वाले सभी शराब और गांजा तस्करों की सूची तैयार करने का भी निर्देश दिया गया है किसी भी सूरत में अवैध नशे का कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यमुनानगर के छोटे बड़े सभी तस्करों की एक लिस्ट बनाकर टीम गठित की जाएगी ताकि सभी का यमुनानगर से पूरी तरह सफाया किया जा सके उन्होंने कहा नशे के धंधे को पूरी तरह से बंद करना बेहद जरूरी है नई युवा पीढ़ी भी नशे की लत का शिकार होती जा रही है अब समय रहते लगातार माफियाओं को चिन्हित करके उनको कार्रवाई कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा उन्होंने बड़ी बात कही पुलिस विभाग के लिए भी साफ संदेश दिया पीड़ित के साथ कार्रवाई में हीला हवाली और अभद्रता कताई बर्दाश्त नहीं की जाएगी साथ ही अवैध गोरखधंधे में अगर किसी पुलिसकर्मी की सांठगांठ पाई गई तो संबंधित पुलिसकर्मी पर विभागीय कार्रवाई के साथ-साथ जेल भी जाना पड़ सकता है इसलिए सभी अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी निष्ठा के साथ समाज की सेवा करके आम जनमानस में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाएं ताकि जनता के सहयोग से अपराधियों को जड़ से सफाया किया जा सके।

## नैनी में चोरी का पुलिस ने तीसरे दिन कर दिया खुलासा

### लाखों की चोरी का तीसरे दिन खुलासाः छह लाख के चोरी के जेवरात संग मकान मालिक व किरायेदार गिरफ्तार

**नैनी।** क्षेत्र में 10 फरवरी की रात हुई चोरी का पुलिस ने तीसरे दिन ही खुलासा कर दिया। पुलिस ने 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी किए गए पांच हजार रुपए नकद और करीब छह लाख के सोने चांदी के जेवरात व अन्य सामान की बरामदगी की है। नैनी कोतवाली इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि 13 फरवरी को शाम 4:00 बजे फूल मंडी चौकी इंचार्ज और उनकी टीम ने फुलमंडी तिराहे के पास से दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया। जिन्होंने अपना नाम लालजी मौर्य निवासी ठेकुवा बाजार, गांव जमुवहां, बरदा, आजमगढ़ हाल पता लूकरगंज, खुल्दाबाद और मकान मालिक विनोद केवट निवासी 35 लूकरगंज को गिरफ्तार किया। जिनके पास से 5050 रुपए नकद, सोने का हर, दो जोड़ी कान की बूंदे, दो अंगूठियां, मंगलसूत्र, दो जोड़ी पायल, 4 बिछिया, छल्ला समेत अन्य जेवरात बरामद किया गया। उनके पास से नौ देशी बम भी मिले है। बताते चलें कि नैनी कोतवाली क्षेत्र के गंगोत्री नगर का निवासी ओंकार नाथ मिश्रा के घर में 10 फरवरी की रात घर का ताला तोड़कर नकदी समेत 10 लाख के सोने चांदी के जेवरात व अन्य सामान की चोरी हुई थी। जिसमें उन्होंने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें पुलिस ने तफ्तीश के बाद चोरी करने वाले दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में एसआई विपिन कुमार, का. आदित्य कुमार, का. अनिल यादव, का. अनिल यादव, का. बृजेश यादव व होमगार्ड सोनेलाल बिन्द शामिल थे।

## टप्पे बाजी का बनाया शिकार कार पर मोबिल फेंककर

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के कॉटन मिल तिराहे पर सोमवार की सुबह कार सवार व्यक्ति अपने परिचित के साथ जैसे ही मेवालाल तिराहे की ओर बढ़ा ही था। तभी एक युवक सामने आया और कहा कि आपकी कार से मोबिल गिर रहा है। यह सुनते ही दोनों लोग कार से उतरे और बोनट खोलकर देखने लगे लेकिन इतने में ही वह युवक वहां से गायब हो गया कार सवार ने कुछ दूर जाकर जब पिछली सीट पर देखा तो बैग गायब था। जिसमें लैपटॉप, वाईफाई,चेक बुक, पासबुक समेत तमाम जरूरी कागजात थे। कार सवार ने घटना की ऑनलाइन एफआईआर की और इसकी तहरीर नैनी कोतवाली में भी दी है।

# राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में 16 फरवरी को वृहद रोजगार मेला

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में 16 फरवरी 2023 को वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर पहली बार देश की जानी मानी कंपनियां मुक्त विश्वविद्यालय में आयोजित वृहद रोजगार मेले में आ रही हैं। विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं सेवा स्थापना प्रकोष्ठ की तरफ से आयोजित रोजगार मेले में युवाओं को वृहद रोजगार मिलने की संभावना बढ़ गई है। रोजगार मेले में नौकरी प्राप्त करने के लिए अभी तक सैकड़ों युवाओं ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है। साक्षात्कार के समय अपना बायोडाटा, फोटो, पहचान पत्र तथा सभी शैक्षिक प्रमाण पत्रों को साथ में लाना आवश्यक है। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में एयर इंडिया, बाईजूस, टेक महिंद्रा, पेटीएम, एच डी बी फाइनेंसियल सर्विसेज, पैसा बाजार, योकोहोमा टायर्स, कार्ड एक्सपर्टाइज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोटक महिंद्रा बैंक तथा हिंदुस्तान वेलनैस कंपनी के प्रतिनिधि 16 फरवरी को प्रातः 10:00 बजे से नामांकित प्रतिभागियों का साक्षात्कार लेंगे। चयन प्रक्रिया के उपरांत कंपनी की तरफ से प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के प्रशिक्षण एवं सेवा स्थापना प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रोजगार मेले में आने वाली भीड़ की संभावना को देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ऑन द स्पॉट रजिस्ट्रेशन की भी तैयारी के लिए मुस्तैद है। वृहद रोजगार मेला के संयोजक प्रोफेसर जे.पी. यादव ने बताया कि 1200 पदों पर विभिन्न कंपनियों द्वारा नियुक्ति की जानी है, जिनमें कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव, फील्ड सेल्स ऑफिसर, लोन ऑफिसर, बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर, प्रोसेस एसोसिएट, मशीन ऑपरेशन, कस्टमर सपोर्ट ऑफिसर, एयर केबिन क्रू, प्रोडक्ट एडवाइजर आदि पद शामिल हैं। विश्वविद्यालय में रोजगार मेला की सफलता के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है।

## कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण, राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं प्रारम्भ

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सत्र दिसंबर 2022 की परीक्षाएं मंगलवार से प्रदेश के 147 केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रारंभ हो गई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने विश्वविद्यालय परिसर में स्थित त्रिवेणी सामुदायिक केंद्र के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान कुलसचिव श्री विनय कुमार एवं परीक्षा नियंत्रक श्री देवेंद्र प्रताप सिंह उनके साथ थे। परीक्षा नियंत्रक श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कि मंगलवार को प्रदेश के सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षाएं संपन्न हुई। पहले दिन प्रमाण पत्र डिप्लोमा एवं परास्नातक डिप्लोमा के 85 प्रश्नपत्रों की परीक्षाएं आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि पारदर्शिता पूर्ण नकल विहिन परीक्षा संपन्न कराने के लिए उड़ाका दल एवं पर्यवेक्षकों की टीम का गठन कर लिया गया है।



# व्यापारी से मांगी 14 लाख की रंगदारी

**प्रयागराज।** मीरापुर में रहने वाले एक व्यवसायी से 14 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी मांगने वाले ने रुपए न देने पर व्यवसायी को गोली मारने और रिश्तेदारों के घर भी बम से हमला करने की धमकी दी है।इसके पहले 12 फरवरी को भी व्यवसायी से 5 लाख की रंगदारी मांगी गई थी। मगर, रुपए न देने पर उसके घर पर बम से हमला कर दिया गया। बम की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग भी दहशत में आ गए थे। बम से हमले के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। बम के हमले की सीसीटीवी फुटेज और धमकी के दो ऑडियो भी सामने आए हैं। फिलहाल व्यवसायी अमन गुप्ता उर्फ बलराम का परिवार दहशत में है। परिवार वालों ने घर से निकलना बंद कर दिया है।

**पहले मांगी थी पांच लाख की रंगदारी, बम मारने के बाद 9 लाख का ब्याज भी जोड़ा :** धमकी देने वाले ने बम से मारने से पहले व्यापारी को 7234085964 से फोन कर धमकाया था। उसके बाद जब व्यवसायी ने पैसे नहीं दिए तो घर पर सोमवार रात बम से हमला कर दिया। बम मारने के बाद दूसरे नंबर 9335714389 से फोन कर दोबारा जाने से मारने की धमकी दी। इसके बाद रंगदारी मांगने वाले ने 5 लाख रुपए में 9 लाख रुपए ब्याज जोड़कर 14 लाख की डिमांड कर दी। बोला कि अगर 5 लाख दे दिए होते, तो 9 लाख रुपए ब्याज न देना पड़ता।पीड़ित व्यवसायी अमन गुप्ता उर्फ बलराम ने दैनिक भास्कर को बताया, 29 दिसंबर, 2022 को को मेरे वॉट्सऐप नंबर पर पांच लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। हमने उसे इग्नोर किया और किसी से कुछ नहीं कहा। दोबारा 11 फरवरी को मुझे फोन करके 5 लाख रुपए देने और न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद 12 फरवरी को मेरे घर पर बम से हमला कर दिया गया। हमले के बाद मुझे 14 फरवरी को दोबारा फोन करके जान से मारने की धमकी दी गई। रुपयों का हिसाब बाकायदा पर्ची पर लिखकर वॉट्सऐप भी किया है।

### रुपये न देने पर गोली मारने की दी धमकी, दो दिन पहले किया था बम से हमला

**दहशत में परिवार, घर के अंदर हुए कैद :** शास्त्री नगर, सदियाबाद, मीरापुर थाना करेली के रहने वाले अमन गुप्ता (28) पुत्र नवरतन गुप्ता का इकलौता बेटा है। पिता की डेथ हो चुकी है। उनकी पहले राशन की दुकान थी। अब सर्राफ का काम करते हैं। इसके अलावा किराएदारी से पैसा आता है। अमन का कहना है कि ये कोई ऐसा व्यक्ति है जो उसे अच्छे से उसके सारे रिश्तेदारों को भी जानता है। फिलहाल बम चलने के बाद करेली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस को छानबीन में पता चला है कि जिस नंबर 7234085964 से धमकी दी गई थी, वह किसी बढ़ई का है। उसका मोबाइल कुछ दिन पहले खो गया था। उसने बंद नहीं कराया था। पुलिस ने उसे उठाकर पूछताछ की तो पता चला कि उसने धमकी नहीं दी है। इसके बाद पुलिस ने उसे छोड़ दिया। दोबारा जब फिर उस नंबर से फोन आया तो पुलिस ने उसे फिर उठाया। इस पर उसने बताया कि वह नंबर बंद नहीं करा पाया है। इस पर पुलिस ने उसे कड़ी फटकार लगाई और सिम बंद करवा दिया। अब शातिर दूसरे नंबर 9335714389 से फोन कर धमकी दे रहा है। अमन ने सरकार से सुरक्षा देने और धमकी देने वाले को गिरफ्तार करने की गुहार लगाई है।वहीं पुलिस उपायुक्त, नगर दीपक भूखर का कहना है कि इस मामले में करेली थाने में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस छानबीन कर रही है।

# शिक्षामित्रों ने महासम्मेलन को लेकर भरी हुंकार

अखंड भारत संदेश




**बारा।** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों ने आगामी 20 फरवरी को लखनऊ में आयोजित होने वाले शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी व शिक्षामित्र महासम्मेलन को लेकर बीआरसी जसरा में मंगलवार को एक बैठक कर रणनीति बनाई गई। बीते 22 वर्षो से बेसिक शिक्षा विभाग में अपनी सेवा देते आ रहे शिक्षामित्र समय समय पर नियमतीकरण, मानदेय बढ़ोत्तरी व विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलित रहे हैं। विगत 12 जनवरी को शिक्षामित्रों ने लखनऊ में स्वाभिमान बचाओ रैली आयोजित कर सरकार से समन्वयवादी नीति अपनाने के संकेत दे दिए थे। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष सुमन्त भार्गव ने कहा कि आगामी 20 फरवरी को लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में शिक्षामित्रों के समस्त संघो का महासम्मेलन आयोजित है, इसलिए सभी लोग अपनी एकजुटता व चट्टानी ताकत का अहसास कराने हेतु राजधानी पहुंचें। ब्लॉक संरक्षक प्रभात चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि शिक्षामित्रों का उक्त महासम्मेलन सरकार के बीच सामंजस्य स्थापित करेगा। प्रभारी दशरथ लाल भारती ने कहा कि अल्प मानदेय में कार्य कर रहे शिक्षामित्रों को अपने हक को हासिल करने के लिए 20 फरवरी को लखनऊ कूच करना है। रीता शुक्ला ने मातृशक्तियों का आह्वान करते हुए कहा कि इस बार जसरा से शत प्रतिशत महिला शिक्षामित्र लखनऊ हेतु प्रतिबद्ध हैं। बैठक में कई वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। बैठक में प्रमुख रूप से कृष्णदत्त पाण्डेय, आशीष जायसवाल, विजय रावत, राजेश कुमार, अफजल सिद्दीकी, वंदना श्रीवास्तव, बीनू कन्नौजिया, पुष्पा पटेल, आशा देवी, विजय प्रकाश सोनकर, देवेन्द्र सिंह, वीरेन्द्र कुशवाहा, नीलम देवी, शकुंतला यादव, यशवंत राव प्रजापति सहित दर्जनों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## नैनी जेल में सीसीटीवी कैमरों की शख्स बढ़ाने का निर्णय लिया गया

**नैनी।** जिलो में बंद कुख्यात अपराधी और माफियाओं की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों की शख्स बढ़ाने का निर्णय लिया गया साथ ही साथ मौजूद कैमरों को अपडेट किए जा रहे हैं नैनी सेंट्रल जेल में भी कैमरों की संख्या 36 से बढ़ाकर 60 कर दी गई है जेल प्रशासन की मंशा जेल के हर कोने को कैमरो की जद में लाना है वरिष्ठ जेल अधीक्षक शशिकांत सिंह ने बताया कि कैमरो को जेलो जेल की बैरक में लगाया जा रहा है इसकी मॉनिटरिंग वीड वालों के माध्यम से मुख्यालय स्तर पर की जा रही है शासन ने 30 जिलों में कमरों की संख्या बढ़ाई है वही 20 अन्य जिलों में नए कैमरे लगाए जा रहे हैं जिसके लिए शासन ने 976 लाख रुपए जारी कर दिए हैं जेलों में बंद अपराधियों और माफियाओं की सीधी निगरानी से उनके क्रियाकलापों पर प्रभावी अंकुश लगाना लगाया जा सकेगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना पर मानक की अनदेखी का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**मेजा रोड।** सींकी खुर्द के ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए जाने को लेकर ग्राम पंचायत प्रधान एवं ग्राम पंचायत अधिकारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी मेजा को जांच कराने के लिए लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया है। ग्रामीण रंजना देवी पत्नी अभयराज आदिवासी, राधादेवी पत्नी अजय आदिवासी, गुलाब कली बेवा बोली मुसहर ने बताया कि ग्राम प्रधान पति द्वारा ऐसे ब्यक्ति को आवास हेतु चयनित किया गया है जिसके पास पहले से पक्का मकान बना हुआ है व क?ई ऐसे भी हैं जिनके पास टैक्टर व10बीघे से अधिक जमीन है। जबकि गांव में मुसहरान बस्ती में बिधवा महिला टूटी -फूटी झोपड़ी में रहते हुए गरीबी रेखा से नीचे का जीवन -यापन कर रही है किन्तु रिश्वत नहीं दे पाने के कारण प्रधानमंत्री आवास की पात्रता से बाहर है। इसी प्रकार से क?ई ऐसे लाभार्थियों को रिपोर्ट में अपात्र बताकर आवास योजना के लाभ से वंचित कर दिया गया है जिनका नाम सूची क्रमांक के हिसाब से वरीयता पर था और गरीबी रेखा में आते हैं किन्तु फिर भी सूची में अपात्र लिखकर अग्रसारित किया गया है। ग्रामीण स्तर पर जनपंचायत आयोजित करके वंचितों की आवाज मुखर करने वाली राष्ट्रीय स्तरीय



समाजसेवी संस्था जनसुनवाई फाउंडेशन के जनपद प्रभारी अधिवक्ता विवेक सिंह "रानू"का कहना है कि एक तरफ सरकार की मंशा है कि सभी गरीब परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत छतदार घर उपलब्ध कराया जाय वहीं ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधान एवं ग्राम विकास अधिकारी निजी स्वार्थ के कारण शासनादेश को ताक पर रखकर मनमानी करते हैं। जिसका परिणाम यह है कि निचले पायदान पर खड़े ब्यक्ति को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र इस्पेक्टर संजीव कुमार चौबे के कुशल नेतृत्व में गठीत पुलिस टीम द्वारा शांति व्यवस्था के दृष्टिगत 01 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा 151/107/116 सीआरपीसी गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। अमर बहादुर पाल पुत्र सेवा लाल पाल निवासी सरपतहिया नैनी उम्र करीब 35 वर्ष है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय जीवन बीमा निगम लिमिटेड की पॉलसी संख्या 316021302 में भूल वश रामदास पाल पुत्र शिवलाल पाल लिखा गया है जो गलत है सही नाम अमरनाथ पुत्र शिव लाल रामसहाय पुर पो अनेठा सिराथू जनपद कौशांबी है ।

# प्यारे बच्चों आगे बढ़ो, सरकार तुम्हारे साथ है: केशव प्रसाद

## सांसद खेल स्पर्धा का जनपदीय प्रतियोगिता का डिप्टी सीएम ने किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सांसद संगम लाल गुप्ता द्वारा न्याय पंचायत स्तर से लेकर जिले स्तर तक सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन करने की सराहना करते हुए प्रदेष के उप मुख्यमंत्री केषव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्यारे बच्चों, आगे बढ़ो, सरकार तुम्हारे साथ है। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेष व केन्द्र की सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिये अनेक योजनाएं तैयार की है।

उन्होंने कहा कि अब तो खिलाड़ियों को नौकरी भी दी जाने लगी है। चार घंटे विलम्ब से हेलीकाप्टर से पुलिस लाइन में उतरे डिप्टी सीएम सीधे जिला स्टेडियम आकर मंत्रोच्चारण के बीच दीप प्रज्जवलन कर जनपदीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समय समय पर प्रोत्साहित करते रहते हैं। अब तो महिलाएं भी पीछे नहीं रही हैं। डिप्टी सीएम ने



जनपदीय प्रतियोगिता का दीप जलाकर शुभारंभ करते डिप्टी सीएम केषव प्रसाद मौर्य।

भारतीय क्रिकेट महिला टीम की जीत का उल्लेख करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का काम ऐसी ही प्रतियोगिताओं में होता है। प्रारंभ में डिप्टी सीएम ने दीप प्रज्जवलन करने के बाद गुब्बारे छोडे.। उन्होंने स्टेडियम के विस्तार पर भी अपनी सहमति जताते हुए कहा कि इसका प्रस्ताव बनाकर भेजा जाए। सरकार के पास धन की कमी नहीं है। प्रारंभ में संगम इंटरनेषनल की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने संगठन की ओर से डिप्टी सीएम का स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, विष्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल, पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह व राम शिरोमणि शुक्ल, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाष त्रिपाठी ने माला पहनाकर व बुके देकर डिप्टी सीएम के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन विवेक उपाध्याय ने किया। इस दौरान डिप्टी सीएम ने आयोजन को सफल बनाने वाले तीन खेल प्रषिक्षक राम कुमार सिंह, सुशील व मंजू सिह को प्रषस्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने सीटी बजाकर आठ सौ मीटर व चार सौ मीटर बालक व बालिका दौड़ का शुभारंभ किया जिसमें आफताब अली सदर ने प्रथम, राहुल पटेल ने द्वितीय, मोहम्मद महबूब ने तृतीय स्थान तथा बालिका वर्ग में स्वाती देवी सांगीपुर ने प्रथम, दीक्षा सिंह सदर ने द्वितीय व पूजा सरोज षिवगढ़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संगम यूथ फाउंडेषन के अध्यक्ष दिनेष गुप्ता, समाजसेवी रोषनलाल उमरवैष्य, नेहरु युवा केन्द्र के समर बहादुर सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष अंषुमान सिंह, भाजपा के मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र शुक्ला, सांसद मीडिया प्रभारी अभिषेक पाण्डेय, नेहरु युवा केन्द्र के उप निदेषक समर बहादुर सिंह, लालगंज के नागेष प्रताप सिंह उर्फ छोटे सरकार के अलावा संगम इंटरनेषनल स्कूल की षिक्षक-षिक्षिकाएं व ब्लाक स्तर के प्रतिभागी मौजूद रहे।

## नेहरु युवा केन्द्र के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों का मन मोहा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नेहरु युवा केन्द्र के बच्चे अनेक वेषभूषाओं में सांस्कृतिक कार्यक्रम कर रहे थे। इनके सांस्कृतिक कार्यक्रम इतने अच्छे थे कि लोग चार घंटे का इंतजार इन्हीं को देखने में लग गया। मुख्य अतिथि के आगे तो सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं हो पाए, लेकिन जब मुख्य अतिथि को इसकी जानकारी दी गई तो सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाले बच्चों को बुलाया और उनकी सराहना करते हुए फोटों खिंचवाई।



परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण करते प्राचार्य।

## बीएड मुख्य परीक्षा में हुआ दो का हुआ रेस्टीकेशन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज प्रतापगढ़ में आयोजित विश्विद्यालय की बी एड मुख्य परीक्षा में प्राचार्य एवं उड़ाका दल की सख्ती के कारण दो छात्रो का रस्टीकेशन हुआ। बता दें कि नकल विहीन परीक्षा कराना प्राचार्य की कटिबद्धता है। आज दोनों पालियों में करीब 1325 छात्रों ने परीक्षा दी। 8 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। बताते चले कि हेमवती नंदन बहुगुणा पी जी कालेज लालगंज में नौ कालेजों की परीक्षा संम्पन हो रही है। केंद्राध्यक्ष ने कहा कि नकल बिहीन परीक्षा कराना कालेज का परम उद्देश्य है, कालेज गेट से लेकर कमरों तक की तलाशी का दौर बराबर चलता रहा। नकलचियों के हौसले पस्त दिखाई दिए। उक्त सूचना कालेज जनसूचनाधिकारी डॉ फणीन्द्र नारायण मिश्र ने दी।

# किसानों की फसल का हुआ प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू अवधेश पुरम कालाकांकर प्रतापगढ़ द्वारा प्राकृतिक खेती (गौ आधारित) के अन्तर्गत चयनित 16 किसानों के खेतों पर सरसों एवं गेहूँ की फसल का प्रदर्शन किया गया। इस फसल में किसी प्रकार का रासायनिक पोषक तत्व नही दिया गया। पोषक तत्व के रूप में केवल गौ आधारित प्राकृतिक उत्पाद जैसे जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, बहम्मास्त्र, अग्नियास्त्र तथा फसल सुरक्षा हेतु दशपर्णी अर्क दवा का प्रयोग आवश्यकतानुसार किया गया। फसल बुआई पूर्व प्रदर्शन वाले खेत का मृदा परीक्षण किया गया। किसानों को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने हेतु गॉवों में जाकर प्रदर्शनों का निरीक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केन्द्र के शस्य वैज्ञानिक डा0 नवीन कुमार सिंह ने किसानों की फसलों पर प्राकृतिक उत्पादों का वानस्पतिक वृद्धि पर प्रभाव देखा तथा उनकी फसल सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण उनके खेत पर ही किया। गौ आधारित प्राकृतिक खेती से तैयार की गयी फसल को देखकर सभी किसान बहुत उत्साहित दिखे। कार्यक्रम सहायक यतेन्द्र कुमार ने सभी प्राकृतिक खेती के अन्तर्गत चयनित किसानों को प्राकृतिक उत्पाद को फसल में प्रयोग करने की विधि विस्तार पूर्वक बतायी एवं उससे मृदा में पोषक तत्व की उर्वरा शक्ति सुधार पर भी चर्चा की इस अवसर पर प्राकृतिक खेती के अन्तर्गत चयनित किसान रामसुमेर पटेल, रामदुलारे, रामनाथ, सफीक खॉ, यार मोहम्मद, राम मनोहर, शिवराज, मो0 रजा, जमुना प्रसाद, राम कुमार, मोहन लाल पटेल, बंशी लाल, त्रिभुवन, मंगलेश, राकेश तथा हीरा लाल सहित गॉव के अन्य किसान मौजूद रहे।

### दुकान पर बमबाजी करने से नाराज व्यापारी धरने पर बैठे

**प्रतापगढ़।** फतनपुर थाना क्षेत्र के रामापुर बाजार में बीती रात दबंगों ने रंजिष में मिठाई की दुकान पर बमबाजारी की थी। इस घटना से अफरा-तफरी मच गई थी। मामले की जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बमबाजी की घटना में दो नामजद समेत 3 व्यक्ति पर मुकदमा दर्ज किया गया। बमबाजी से नाराज व्यापारियों ने मंगलवार को अपनी दुकानें बंद कर धरने पर बैठ गये और विरोध प्रदर्षन कर बमबाजी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

## पीएम हाउस से शव घर पहुचने पर मचा कोहराम

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगज थाना क्षेत्र के हिनाहू आलापुर निवासी विवेक जायसवाल का 17 वर्षीय इकलौता बेटा विनय जायसवाल उर्फ शिवा सोमवार की दोपहर अपने घर के अंदर पंखा में लूंगी डालकर गले मे फंदा डालकर इहलीला खत्म कर ली जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई जिसको सीएचसी कालाकांकर ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया जिसका शव मंगलवार की दोपहर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम हाउस से घर पहुंचने पर शव देख चीख पुकार मच गई लोगो की भारी भीड़ जमा हो गयी सभी की आंखे नम होती दिखाई दी शव को अन्तिम संस्कार के लिए मानिकपुर घाट ले गए, जहाँ भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

# उधार पैसा मांगने पर बेटे के सामने पिता की पीटकर हत्या, परिजनों में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के मानिकपुर थाना क्षेत्र के पाटीहार निवासी जगन्नाथ यादव (56) वर्षीय मंगलवार को अपने बड़े बेटे आजाद सिंह यादव के साथ बाइक से राजापुर बिघन गाँव किसी की शादी में खाना बनाने जा रहे थे कि कुन्डा कोतवाली के शेरगढ़ पानी टँकी के पास पहुचे थे कि सामने से बाइक पर सवार तीन युवक को जगन्नाथ यादव ने रोक लिया और कहा कि मेरा पैसा कब दोगे उधार पैसा का तगादा करने पर बाइक सवार युवक ने जगन्नाथ के साथ अभद्रता से पेश आते हुए गाली गलौज किया और पैसा न देने की बात कही।

इतने में बाइक सवार तीनो युवकों ने दोनों बाप बेटे की पिटाई शुरू कर दी और जगन्नाथ को युवकों ने बेरहमी से मारपीटकर गला दबा दिया जिससे जगन्नाथ के मुंह से खून निकल आया और मौके पर मौत हो गई। उसके बाद तीनों युवक बाइक से भाग गए आस पास के लोग दोनो बाप बेटे को सीएससी कुन्डा ले गए जहां घटना की जानकारी मिलते ही परिजन लोग भी पहुंच गए। शव देखते ही कोहराम मच गया सूचना मिलने पर सीओ कुन्डा अजीत प्रताप सिंह व कुंडा कोतवाल उदयवीर सिंह भी अस्पताल पँहुचे और घटना की बाबत मृतक के बेटे आजाद से जानकारी की मृतक के बेटे आजाद सिंह यादव की तहरीर पर एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया। मृतक के बेटे आजाद ने पुलिस को बताया कि मेरे पिता ने मानिकपुर निवासी युवक को कुछ पैसे उधार दिए थे जिसे रास्ते मे मिलने पर पैसा वापस मांग रहे थे पैसा मागने पर भद्दी भद्दी गाली देते हुए मेरे पिता की मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दिया जिससे अस्पताल में चिकित्सको में मृत घोषित कर दिया। पुलिस तहरीर मिलने पर जांच में जुटी हुई है और शव की लिखा पढ़ी करके पीएम के लिए भेज दिया।



हत्या के बाद परिजनों से बातचीत करती पुलिस।

# पुलवामा के शहीदों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि



शहीदों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेस जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी।

अखंड भारत संदेश

### इंदिरा भवन पर शहीदो का किया गया श्रद्धासुमन अर्पित

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर जिलाध्यक्ष डॉ. लालजी त्रिपाठी की अध्यक्षता में पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर मौजूद कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

शहीद सैनिकों को स्मरण करते हुए अध्यक्ष डॉ0लालजी त्रिपाठी ने कहा कि शहीदों के परिवारीजनों को न्याय नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि देश पर जान न्योछावर करने वालों की जिस घटना में जान गई, उसकी जांच होकर सच देश के सामने आना चाहिए था। उस समय जो प्रश्न उठाये गए थे, उनके उत्तर सरकार आज तक नहीं दे सकी। हम सभी आज उन शहीदों के शहीदी दिवस पर श्रद्धानवत हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदान्त तिवारी, नगर अध्यक्ष इरफान अली, डॉ0प्रशांत देव शुक्ल, रोहित शुक्ल, विजय शंकर तिवारी, मो0इश्तियाक, आशुतोष तिवारी, मकरंद शुक्ल, सूर्य प्रकाश शुक्ल, राम शिरोमणि वर्मा, अब्दुल रहमान सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

## डाक्टरों ने रक्तदान कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों के सम्मान में डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज में श्रद्धांजलि सभा और रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें डाक्टरों और मेडिकल के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप में तीस यूनिट ब्लड डोनेट हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर अलापन कोले और प्रिंसिपल डाक्टर सलिल कुमार श्रीवास्तव ने बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर प्रिंसिपल सलिल ने कहा कि सैनिक हमारी सुरक्षा के लिए सीमाओं पर जागते हैं। उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। रक्तदान शिविर में मेडिकल कालेज संकाय के डाक्टर अंबर केसरवानी, सादिक वदूद सिद्दीकी, मेजर अलापन कोले, एलटी विशाल शुक्ला,शिवम और मेडिकल छात्र छात्राओं ने रक्तदान कर शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन ब्लड बैंक प्रभारी डाक्टर दीपिका केसरवानी ने किया।

### एस यू इंटर नेशनल स्कूल में पुलवामा में शहीदो को दी गयी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर के एस यू इंटर स्कूल में मंगलवार को पुलवामा में शहीद हुए सीआरपीएफ के जवानों को स्कूल के बच्चो ने शिक्षको के साथ भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर स्कूल की प्रबंधिका फाजिया मैम ने बच्चो के साथ दो मिनट का मौन रखकर अमर शहीदों को याद किया स्कूल के प्रधानचार्य अशीक अहमद ने अमर शहीदों की गाथा बताते हुये बच्चो को देश की आन बान व शान की रक्षा का पाठ पढाया।बच्चो ने अमर शहीदों के नाम जरा याद उन्हें भी कर लो, जो लौट के घर न आये, दिल को छू लेने वाली गीत प्रस्तुत किया जिससे सभी का दिल भर आया बच्चो के प्रस्तुत गीत पर सभी की आंखे नम होती दिखाई दी। इस मौके पर जे पी यादव, मोनू, अभिषेक शर्मा, जीनत निदा, फरहान, मोसिम, अनस, युशरा, पूजा, हबीबा, इशिता, सबीहा, सबरीन, पारूस आदि लोगो ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

## अधिवक्ता के निधन पर साथियों ने जताया शोक

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बीमारी के चलते साथी अधिवक्ता शशिकांत मिश्र के निधन पर मंगलवार को तहसील परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। धारूपुर निवासी अधिवक्ता शशिकांत मिश्र का हाल ही में बीमारी के चलते निधन हो गया। शोक सभा में संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने युवा अधिवक्ता शशिकांत के निधन को वकालत के क्षेत्र मे अपूर्णनीय क्षति कहा। सभा का संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। अधिवक्ताओं ने मौन धारण कर साथी दिवंगत अधिवक्ता की आत्मा की शांति की प्रार्थना भी की। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, देवी प्रसाद मिश्र, विपिन शुक्ल, धीरेन्द्र मिश्र, तपन पाण्डेय, अशोक शुक्ला, राव वीरेन्द्र सिंह, राममोहन सिंह, अजय शुक्ल गुड्डू, शैलेन्द्र सिंह, घनश्याम मिश्र, आशीष तिवारी आदि रहे। इधर अधिवक्ता के निधन की जानकारी पाकर सोमवार की देर शाम राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी भी धारूपुर पहुंचे। सांसद प्रमोद ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट करते हुए ढांढस बंधाया।

## महिला से लुटेरों ने नगदी सहित जेवरात लूटे

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बैंक में किसी काम से आई एक महिला की उचक्कों में 3000 नकद तथा जेवरात लूट लिए। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रायपुर गांव की रहने वाली प्रमिला मंगलवार को भारतीय स्टेट बैंक शाखा पट्टी में किसी काम से गई थी बैंक के सामने खड़ी थी तभी तीन लुटेरे आए और उसके पास नगदी 3000 रुपये नकद छीन लिए तथा उसके सोने की चेन तथा अंगूठी लेकर वहां से रफूचक्कर हो गए पीड़ित महिला ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात वाहन की टक्कर से पीडित के भाई के गंभीर चुटहिल होने को लेकर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। लालगंज के राजापुर लालूपुर निवासी स्व. सहदेव प्रसाद के पुत्र राजीव दुबे ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि आठ फरवरी को छः बजे सुबह वर्मा नगर चैराहे के पास अज्ञात पिकप चालक ने ई-रिक्शा मे टक्कर मार दी। दुर्घटना मे पीडित का भाई संजीव दुबे व राकेश को गंभीर चोटे आ गयी। दुर्घटना के बाद पिकप चालक मौके से फरार हो गया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मंगलवार को केस दर्ज किया है।

## प्रेमी के साथ विवाहिता फुर्र, सास ने दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** एक विवाहिता अपने प्रेमी के साथ घर से फरार हो गई विवाहिता की सास ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के नेवादा गांव की रहने वाली एक महिला ने बताया कि उसका बेटा रोजी रोटी के सिलसिले में सऊदी अरब रहता है। उसकी बहू अपने प्रेमी के साथ उसके भेजे गए पैसे सिर्फ मौज मस्ती करती हैं। कुछ दिन पहले वह अपने प्रेमी के साथ भाग गई वह फिर से घर आना चाहती है, मगर सास ने घर में दाखिल होने से मना कर दिया। इस संबंध में शिकायती पत्र देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है।

## रंजिश में पड़ोसियों ने महिला और उसकी बेटे को पीटा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश के कारण पड़ोसी आरोपियों ने एक महिला तथा उसके बेटे को जमकर मारा पीटा। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र किठौली गांव की रहने वाली बीना पांडे ने बताया कि मंगलवार की सुबह 11 बजे उसके पड़ोसी तीन लोग एक राय होकर उसके ऊपर लाठी-डंडों से प्रहार करने लगे तथा भद्दी भद्दी गालियां देने लगे बीच-बचाव करने आए उसके बेटे को भी आरोपियों ने मारा पीटा। पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## महिला की पिटाई पर चार के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने महिला की पिटाई को लेकर चार आरोपियो के खिलाफ मंगलवार को मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के अझारा निवासी हरिश्चंद्र की पत्नी प्रतिभा ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दस फरवरी को शाम छः बजे रंजिशन विपक्षी गांव के ही रामप्रसाद कोरी के पुत्र रंजीत, शिवबहादुर के पुत्र करन तथा शिवबहादुर की पत्नी शीला व रामप्रसाद की पत्नी उर्मिला ने पीडिता की जेठानी को लाठी डंडे से मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए जानलेवा धमकी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी रंजीत समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी हमलावर हुई मोदी सरकारः प्रमोद तिवारी

### कानपुर में मां-बेटी की मौत की घटना की कांग्रेस सांसद ने उठाई न्यायिक जांच की मांग

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य एवं पार्टी स्टीयरिंग कमेटी के मेंबर प्रमोद तिवारी ने बीबीसी के दिल्ली और मुम्बई कार्यालयों पर मंगलवार को सरकार द्वारा आयकर तथा ईडी के छापों की कार्यवाही को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर मोदी सरकार द्वारा कुठाराघात करार दिया गया है।

सांसद प्रमोद तिवारी सरकार की इस कार्यवाही पर जबरदस्त हमलावर होते हुए कहा कि मोदी सरकार ने अब यह स्पष्ट कर दिया है कि वह लोकतंत्र मे अपने खिलाफ कोई आवाज बर्दास्त नही कर सकती। श्री तिवारी ने कहा कि बीबीसी ने गुजरात के दंगो को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई है। बकौल प्रमोद तिवारी पहले तो सरकार ने इसे इसलिए रोकने का प्रयास किया क्योंकि उस समय पीएम मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे।



लालगंज में प्रेसवार्ता करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी

इसके बावजूद प्रमोद तिवारी के मुताबिक जब बीबीसी ने डॉक्यूमेंट्री दिखला ही दी तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की संवैधानिक गारण्टी के बावजूद वह बीबीसी पर दमनकारी दमनचक्र पर अमादा हो उठी है। उन्होने कहा कि यह इ×ोफाक नही हो सकता कि गुजरात दंगो के डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन होते ही सरकारी एजेन्सियां बीबीसी के दफ्तरों पर छापामारी शुरू कर दे। यहां कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में कांग्रेस सांसद प्रमोद

### अडानी पर हिंडनवर्ग की रिपोर्ट को लेकर भी मोदी सरकार पर जमकर बोला हमला

तिवारी ने केंद्र की इस दमनकारी अलोकतांत्रिक कार्यवाही की तल्ख आलोचना करते हुए कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए कांग्रेस प्रेस की स्वाय×ा पर ऐसे दमनकारी सरकारी कार्यवाही के खिलाफ आवाज मुखर करेगी। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने यूपी के कानपुर देहात के थाना रूरा के मड़ौली गांव में बुल्डोजर के नाम पर प्रशासन द्वारा फैलाए गए आतंक की कार्यवाही की भी तीखी आलोचना की है।

## खबर संक्षेप

### निरोधात्मक कार्यवाही में 08 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना पिपरी से तीन थाना पश्चिम शरीरा से एक थाना मोहब्बतपुर पइसा से एक थाना सैनी से एक कुल 08 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चार वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वारंटी दो अभियुक्त असरफी लाल पुत्र रामा व विनोद कुमार पुत्र असरफी लाल निवासीगण सेवढा थाना पिपरी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइंसा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त हरिचन्द्र पुत्र धर्मपाल निवासी उदहिन खुर्द थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त मुन्नू केवट पुत्र बड़कू निवासी कटरी थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# पिता को पीट-पीटकर बेटे ने उतारा मौत के घाट

**पिता की हत्या के आरोपी बेटे को पुलिस ने किया गिरफ्तार, घायल पिता का नहीं कराया गया इलाज रात में हो गई मौत गुपचुप हो रही थी अंतिम संस्कार की तैयारी**

अखंड भारत संदेश



मौत की जानकारी मिलने के बाद घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़ तथा इन्सेट में मृतक की फाइल फोटो

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के खरीना गांव में सोमवार की रात्रि संपत्ति विवाद में एक बेटे ने पिता को लाठियों से पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया है मामले की जानकारी मिलते ही गांव के लोग दंग रह गए जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों का मजमा लग गया मामले की सूचना ग्रामीणों द्वारा स्थानीय थाना पुलिस को दी गई सूचना पाते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है पिता की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के पीछे संपत्ति विवाद बताया जा रहा है घटनाक्रम के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के खरीना गांव के रहने वाले अशर्फीलाल के पास 15 बिस्वा जमीन है और उसके दो बेटे है छोटा बेटा राजकुमार पानीपत में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है और बड़ा बेटा सुनील कुमार गांव में रहता है बताया जाता है कि वह शराब पीने का आदी है सुनील कुमार ने कई लोगों से कर्ज ले रखा है बेटा सुनील पिता को जमीन बेचने का दबाव बना रहा था जिससे वह अपना कर्ज उतार सके लेकिन पिता जमीन बेचकर सुनील को पैसा देने को कतई तैयार नहीं थे इसी बात को लेकर सोमवार की रात बेटे सुनील और पिता अशर्फी लाल में वाद विवाद हुआ आक्रोशित बेटे ने लाठियों से पिता को बेरहमी से पीट दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए घायल अवस्था में पिता रात भर घर में पड़े तड़पते रहे उनका इलाज कराने परिवार का कोई भी सदस्य उनको अस्पताल नहीं ले गया रात्रि में उनकी कब मौत हो गई किसी को पता नहीं चला परिजनों ने पुलिस को सूचना भी नहीं दी मंगलवार की सुबह गुपचुप अंतिम संस्कार की तैयारी हो रही थी सुबह मामले की जानकारी गांव के लोगों को लगी ग्रामीणों ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आरोपी बेटे सुनील कुमार को हिरासत में ले लिया है।

### चोरों ने ई रिक्शा चोरी कर बैटरी निकालकर रिक्शा को फेंका गांव के बाहर

**टेढ़ी मोड़ कोखराज।** थाना कोखराज क्षेत्र के शहजादपुर गांव से घर के बाहर खंबे से जंजीर से बंधा खड़ा ई रिक्शा सोमवार की रात्रि चोर जंजीर काटकर उठा ले गए उसके बाद उसकी बैटरी निकालकर ई रिक्शा को गांव के बाहर छोड़कर फरार हो गए। भुक्तभोगी ने चोरी की सूचना शहजादपुर चौकी को दी है। शहजादपुर निवासी अजय कुमार पाठक ई रिक्शा चलाते है। उन्होंने बताया की प्रतिदिन की तरह सोमवार को शाम को वह अपना ई रिक्शा घर के बाहर खड़ा कर उसे जंजीर के माध्यम से खंबे में बांध दिया। अगले दिन सुबह उठे तो जंजीर टूटी थी और रिक्शा गायब था तलाश करने के बाद ई रिक्शा गांव के बाहर पलटा मिला लेकिन चोरों ने उसकी बैटरी गायब कर दी। घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। इसी तरह गांव के ही निसार अहमद के आटो रिक्शा की बैटरी भी चोर खोल ले गए। जो सी सी टी वी कैमरे में कैद हो गयी है लेकिन घटना का खुलासा नहीं हो सका है सूचना मिलने पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## टेवा गांव में भूमिधरी जमीन में जबरिया हो रहा कब्जा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के टेवा गांव के मजरा चरणजीत के पूरा में कपूर चंद्र की जमीन पर 3 दिनों से अवैध कब्जा शुरू है कपूरचंद ने शनिवार को थाना समाधान दिवस मंझनपुर में भी फरियाद कर न्याय मांगा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शनिवार को शिकायती पत्र देकर अवैध कब्जा रोकने की मांग की लेकिन उसके बाद भी अवैध तरीके से कब्जा करने वालों के हौसले बुलंद हैं सोमवार के दिन कपूरचंद कलेक्ट्रेट पहुंचे जिला अधिकारी मौजूद नहीं थे मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने शिकायती प्रार्थना पत्र लेने से इनकार कर दिया कि तुम्हारा मामला न्यायालय में चल रहा है इसलिए तुम जाकर के न्यायालय से निर्माण रोकने का आदेश लेकर आओ फिर कपूरचंद पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुँचे है लेकिन खबर लिखे जाने तक अवैध तरीके से निर्माण पर रोक नहीं लग सकी है कपूरचंद ने बताया कि उनकी जमीन पर जो कब्जा कर रहे हैं उनके नाम जमीन भी नहीं दर्ज है बताया जाता है कि लेखपाल और चौकी पुलिस की सांठगांठ से कपूर चंद्र की जमीन पर जबरिया गुंडई से दिनदहाड़े कब्जा किया जा रहा है।

### वाहन जांच के नाम पर पुलिस करती रही वसूली

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के समदा नहर पुलिया के पास वाहनों की चेकिंग के लिए लगाई गई पुलिस टीम वाहन स्वामियों से वसूली करते देखी गई है बिना हेलमेट के निकलने वाले दोपहिया वाहनों से तीन तीन सौ रुपए की वसूली पुलिस जांच टीम ने की है आखिर वसूली के लिए कब तक पुलिस टीम जांच का ड्रामा करती रहेगी ओवरलोड चलने वाले विक्रम और प्राइवेट बस की जांच कर उन पर कार्रवाई करने की हिम्मत पुलिस टीम नहीं कर सकी है पुलिस टीम की मौजूदगी में कई विक्रम और अवैध बसे सड़कों पर दौड़ती रही तीन सौ रुपए पुलिस टीम को देकर आने वाले लोगों ने पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए नहर पुलिया के पास वसूली करने वाली पुलिस टीम पर कार्रवाई की मांग की है।

# खुले में तैर रहे बालिका की हत्या के साक्ष्य पुलिस बन रही अनजान!

अखंड भारत संदेश

**कही सिंघिया पुलिस चौकी क्षेत्र में तो बालिका की नहीं की गई हत्या, बिदानपुर भरवारी के बीच रेल लाइन पर मिली थी बालिका की क्षत-विक्षत लाश**



रेल लाइन पर पड़ी बालिका की लाश

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी बिदनपुर रेलवे स्टेशन के बीच सोमवार की दोपहर एक बालिका की क्षत विक्षत लाश रेलवे लाइन के बाहर पड़ी मिली थी बालिका की शिनाख्त डोली उम्र 17 वर्ष पुत्री श्याम बाबू निवासी जिल्ला पर रसूलपुर गिरसा थाना कोखराज के रूप में हुई घटना को 24 घंटे से अधिक बीत चुके हैं लेकिन पुलिस बालिका की मौत के खुलासे में किसी नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है सूत्रों की माने तो प्रेम प्रपंच के चलते सिंघिया पुलिस चौकी क्षेत्र में बालिका की हत्याकर हत्यारों ने लाश ठिकाने लगाई है हालांकि पुलिस का कहना है कि बालिका की ट्रेन हादसे में मौत हुई है लेकिन पुलिस की इस बात को ग्रामीण हजम नहीं कर पा रहे हैं।

बालिका के शरीर की पीठ में जिस तरह से निशान पाए गए हैं वह ट्रेन हादसे में घसिटने के निशान नहीं हो सकते बालिका के साइड में दोनों भुजाओं के बीच बेड़ा निशान पड़ा है जो किसी डंडे और बेल्ट से पिटाई के दिखाई पड़ रहे हैं यदि बालिका ट्रेन हादसे में घसती होती तो ऊपर से नीचे खड़े निशान होते शरीर से चमड़ी छील गई होती लेकिन शरीर से चमड़ी नहीं छीली है जिससे ट्रेन हादसे की बात करना पूरी तरह से निराधार होगा बालिका के शरीर के कपड़े फटे नहीं थे घटनास्थल देखकर प्रतीत होता है कि मौत के पूर्व शरीर के कपड़े उतार कर मौत के बाद शव के पास रखे गए हैं सलवार और कुर्ता जो भी कपड़े मौके पर मौजूद हैं उसमें खून नहीं लगे हैं बिना खून लगे कपड़ों के बाद भी पुलिस इसे दुर्घटना साबित करने पर उतारू है। अब सवाल उठता है कि ट्रेन हादसे में बालिका की मौत हो गयी और कपड़ों में खून नहीं लगेगा कपड़े फटे नहीं है बल्कि कपड़े उतार के रखे गए हैं लेकिन उसके बाद भी चौकी पुलिस इसे दुर्घटना करार देने में तुली हुई है जिससे चौकी पुलिस की दूरगामी सोच का अंदाजा लगाया जा सकता है बालिका की लाश भी रेल लाइन पर नहीं है बल्कि रेल लाइन से दूर पड़ी है रेल लाइन उसके आसपास और रेलवे की गिट्टियों पर खून के निशान नहीं है तो फिर यह कैसे ट्रेन हादसा है लेकिन इस सवाल का जवाब देने के लिए चौकी पुलिस तैयार नहीं है बालिका के शरीर की चमड़ी सफेद पड़ गई है शरीर में भी खून नहीं दिखाई पड़ रहा है शरीर मे जो खून के छींटे बचे हैं वह सूख चुके हैं जिससे यह कहना कि बालिका की ट्रेन हादसे में मौत हुई है पूरी तरह से गलत है लेकिन बालिका की लाश को मिले 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी हत्यारों के गिरेहबान तक कौशांबी पुलिस के हाथ नहीं पहुंचे हैं सूत्रों की माने तो बालिका के हत्यारों की पैरवी एक माननीय करने लगे हैं और माननीय की सिफारिश के चलते बालिका के हत्यारों को क्लीन चिट देकर पुलिस इस घटना को दुर्घटना बनाने में तुली है तमाम परिस्थिति जन्य साक्ष्य को नकारा नहीं जा सकता है मौके की स्थितियों को देखते हुए उच्च स्तरीय सूक्ष्म विवेचना कराए जाने की जरूरत है सूत्रों की मानें तो सिंधिया पुलिस चौकी क्षेत्र में बालिका की 3 दिनों पूर्व हत्या करने के बाद शव को रेल लाइन पर ठिकाने लगाया गया है हत्यारे कौन है यह पुलिस के लिए बड़ी जांच का विषय है।

## अभियुक्त को 02 वर्ष कारावास की सजा

**कौशाम्बी।** थाना कोखराज अंतर्गत 14.09.2014 को वादी जितेन्द्र कुमार पुत्र संगम लाल निवासी सलेमपुर महेशपुर द्वारा थाना कोखराज पर मारपीट जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर गाली गलौज देने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी थी जिसके सम्बन्ध में मुकदमा एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्त शिवशंकर तिवारी उर्फ गुड्डन पुत्र स्व0 रमाकान्त उर्फ ननकऊ निवासी महेशपुर उर्फ सलेमपुर थाना कोखराज को न्यायालय स्पेशल जज एससी एसटी एक्ट द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से दो वर्ष कारावास तथा 4000 रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

## न्यूज झरोखा

### सराय अकिल में 9 फरवरी से भगवत कथा का हो रहा आयोजन



**सराय अकिल कौशाम्बी।** सराय अकिल कस्बे के भगवतीगंज फकीराबाद में विद्वान कथावाचक राष्ट्रीय कथा व्यास अखिलेश जी महाराज द्वारा 9 फरवरी से भागवत कथा का आयोजन संगीतमय धुन अमृतवाणी से प्रतिदिन किया जा रहा है 15 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन कस्बे में निरंतर चलता रहेगा श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ सुनने के लिए नगर क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ों महिला पुरुष पांडाल में उपस्थित हो रहे हैं प्रभु के जीवन पर कथावाचक राष्ट्रीय कथा व्यास आचार्य अखिलेश महाराज जी द्वारा प्रतिदिन विस्तार से चर्चा की जा रही है कार्यक्रम का आयोजन रमाशंकर पांडेय सरपंच जी और उनके परिजनों द्वारा आयोजित किया गया है भगवत कथा के समापन के बाद 17 फरवरी को विशाल भंडारा महा प्रसाद और यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### बंद घर में लगी आग सामान जलकर हुआ खाक



**सराय अकिल कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के बिरनेर गांव में बंद घर में अचानक आग लग गई है बंद घर में आग लगने की जानकारी मिलने पर मोहल्ले के लोगों ने आवाज लगाकर लोगों को एकत्रित किया और आग बुझाया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और घर में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया है बताया जाता है कि सराय अकिल थाना क्षेत्र के बिरनेर गांव निवासी दिनेश लाल पुत्र मूरत लाल घर में ताला बंद करके कहीं चले गए थे उनके बंद घर में बीती रात अचानक आग लग गई है।

### पुलवामा हमले के शहीद अर्ध बल सैनिकों को दी गई श्रद्धांजलि




**कौशांबी।** पुलवामा हमले में शहीद हुए अर्धसैनिक बल के जवानों की पुण्यतिथि पर जनपद मुख्यालय मंझनपुर के डायट मैदान में अटेवा पेंशन बचाओ मंच सहित विभिन्न संगठनों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया और अर्धसैनिक बलों को श्रद्धांजलि अर्पित की इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि हमारे देश के नेता चार चार पेंशन के हकदार हैं परंतु हमारे देश के सुरक्षा बल देश की रक्षा के लिए अपनी जान तक निछावर कर देते है उनको पेंशन देने में सरकार की व्यवस्था खराब हो रही है श्रद्धांजलि सभा के माध्यम से पेंशन दिए जाने की मांग की गई इस दौरान विमल कुमार कुशल सिंह करन सिंह सहित तमाम शिक्षक और कर्मचारियों ने अश्रुपूरित आंखों से पुष्प अर्पित करके 2 मिनट का मौन रख कर आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त अरुण पटेल पुत्र नन्दलाल निवासी विजयीपुर थाना सैनी को नरसिहपुर मोड़ के पास से 01 किलो 550 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 676 जोड़ों का विवाह सम्पन्न

**सांसद, डीएम एवं एसपी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर ईश्वर से की सफल एवं सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना**



सामूहिक विवाह आयोजन



सामूहिक विवाह में नव दंपतियों को आशीर्वाद देते डीएम एसपी सांसद व अन्य

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना ह्मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाह्व के अन्तर्गत मंगलवार को नवीन मण्डी समिति, ओसा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में कुल 676 जोडे विवाह के बन्धन में बधें, जिसमें 06 जोड़े मुस्लिम समुदाय के भी सम्मिलित हैं।सांसद विनोद सोनकर, जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए ईश्वर से सफल एवं सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की। सासंद विनोद सोनकर ने आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहॉ का वातावरण देखने से नहीं लगता कि आज समाज के गरीब वर्ग के लोगों के पुत्र-पुत्रियों की शादी हो रही है, बल्कि ऐसा लग रहा है कि जैसे राजा महाराजाओं के पुत्र-पुत्रियों की इतने भव्य तरीके से शादी का आयोजन किया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को इतने भव्य तरीके से आयोजित कराने के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। उन्होंने नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए ईश्वर से सफल एंव सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार देश व प्रदेश के विकास के साथ ही गॉव, गरीब, मजदूर के कल्याण एवं किसी गरीब की बेटी अविवाहित न रहें, इसकी भी चिन्ता करते हैं तथा आज बेटियॉ बोझ नहीं हैं, बेटियों की शादी सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित कर करा रहीं है। सासंद ने कहा कि वर्ष 2018 में आयोजित कौशाम्बी महोत्सव में मुख्यमंत्री द्वारा जनपद को अनेक योजनाओं-कौशाम्बी को बौद्ध एवं रामायण सर्किट से जोड़ने, एयरपोर्ट प्रयागराज से उत्खनन स्थल तक सड़क का निर्माण, मंझनपुर बस डिपो का निर्माण आदि सौगात दी गई थी। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी का गौरवशाली एवं वैभवशाली इतिहास रहा है, कौशाम्बी की भूमि पवित्र व वन्दनीय है, विन्ध्याचल धाम के तर्ज पर मॉ शीतलाधाम कड़ा कॉरीडोर का विकास किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वावधान में आगामी 07, 08 एवं 09 अप्रैल 2023 को भव्य तरीके से कौशाम्बी महोत्सव का आयोजन किया जायेंगा तथा महोत्सव में विख्यात कवि कुमार विश्वास के द्वारा रामकथा कार्यक्रम भी आयोजित होने जा रहा है। सांसद ने कहा कि देश व प्रदेश में ऐसी सरकार है, जो बेटियों के जन्म से लेकर शिक्षा एंव विवाह तक चिन्ता कर अनेक कल्याणकारी योजनायें संचालित कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया था, जिसका परिणाम है कि लिंगानुपात में बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने कहा कि गरीब मॉ को अब अपनी बेटी के विवाह की चिंता करने की जरूरत नहीं है, प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह करा रही हैं। उन्होंने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा सभी पात्र लोगों को शौचालय की सुविधा उपलब्ध करायी गई, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क रू0 5 लाख तक इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी जा रहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश सरकार महिलाओं, किसानों, मजदूरों एवं गरीबों तथा समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 11 करोड़ से ज्यादा लोगों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित किया गया है तथा किसानों से एमएसपी के दर पर गेहूॅ व धान की खरीद की जा रही हैं। उन्होंने सभी से आवाह्न किया कि समाज की बुराई को दूर करने के लिए समाज के लोग आगे आयें तथा प्रधानमंत्री के संकल्प एक भारत-श्रेष्ठ भारत को साकार करने में अपना योगदान करें। उन्होंने सभी से समाज को नशामुक्त करने के लिए भी आवाहन किया। उन्होंने कहा कि आगामी मार्च माह में भी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि उनके प्रयास से कौशाम्बी के सभी गॉव एवं मजरों तक विद्युतीकरण का कार्य किया गया है तथा 2024 से पहले प्रत्येक घर तक नल से जल पहुॅचाने का कार्य किया जायेंगा। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना शासन की महत्वाकॉक्षी योजना है, जिसके द्वारा जो परिवार अपने पुत्रियों के विवाह करने में सक्षम नहीं हैं, उन सभी के पुत्रियों का विवाह, इस योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित कर किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों से कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा अनेक योजनायें संचालित की जा रही है, इन योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं को पात्र व्यक्तियों तक पहुॅचाने के लिए निरन्तर कार्य किया जा रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत विवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए सहायता राशि के रूप में 35000 (पैतीस हजार) रुपए कन्या के खाते में अंतरित की जाती है तथा विवाहित जोड़ों को विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री (कपडे, विछिया, पायल, वर्तन) के लिए 10000 (दस हजार) रुपए दिया जाता है। प्रत्येक विवाहित जोड़े पर शादी व्यवस्था के लिए रुपए 06 हजार खर्च करने का प्रावधान है। इस प्रकार कुल 51 हजार रुपए प्रत्येक जोड़े पर व्यय किये जाने का प्राविधान है।

### हर्ष फायरिंग के अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी अंतर्गत 12 व 13 फरवरी 2023 को सोशल मीडिया पर हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल हो रहा था जिसकी जांच की गयी तो वीडियो थाना कौशाम्बी क्षेत्र के तिलकोत्सव समारोह का पाया गया। इस सम्बन्ध में थाना कौशाम्बी पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया था पुलिस द्वारा अभियुक्त आशीष कुमार त्रिपाठी पुत्र देनेश प्रसाद त्रिपाठी निवासी जाठी थाना कौशाम्बी को गिरफ्तार कर लाइसेंसी राइफल एनपी बोर बरामद कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

### जमीन कब्जे की जिलाधिकारी से शिकायत

**कौशांबी।** सिराथू तहसील के कोखराज थाना अंतर्गत जमाल मऊ गांव निवासी पंचम लाल पुत्र जगन्नाथ ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि आराजी संख्या 1518 चाकवन भरवारी मेन रोड पर स्थित है और उनके अन्य सह खाते दार राम सुरेमान ज्ञान सिंह शक्ति सिंह दिनेश भीम सिंह घनश्याम आदि लोग पारिवारिक बटवारा करके अपने हिस्से में अपना मकान बना लिया है और शेष बची जमीन का विक्रय कर दिया है शिकायतकर्ता का कहना है कि वह अपनी जमीन में खेती बारी कर रहा था लेकिन उसके सह खातेदार घनश्याम की मृत्यु होने पर उसके वारिसान का नाम दर्ज हो गया है और अब उनके हिस्से की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं उसने अवैध कब्जे पर रोक लगाए जाने की मांग की है।

### सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते पांच अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा पांच अभियुक्तों भोलानाथ यादव पुत्र देवशरण यादव निवासी नरसिंहपुर कछुआ थाना सैनी सुनील कुमार पुत्र लालता प्रसाद निवासी घटमापुर थाना मोहब्बतपुर पइसा कल्याण सिंह पुत्र आनन्द प्रसाद सिंह निवासी पहाड़पुर थाना सैनी पिन्टू निषाद पुत्र विश्राम निषाद निवासी समसाबाद थाना मंझनपुर व सुशील सिंह पुत्र लवकुश सिंह निवासी शाखा याना सैनी को सार्वजनिक स्थान पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 52 अदद तास के पते व 7100 रुपए मालफड़ तथा जमातलाशी के दौरान 5100 रुपए कार्यवाही की गई।

# जिले को खुले में शौच मुक्त घोषित करने के बाद खुले में शौच करने को मजबूर ग्रामीण!

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** खुले में शौच मुक्त करने की योजना में कौशाम्बी जिले में दो सौ करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए जाने के बाद भी जिला खुले में शौच मुक्त नहीं हो सका है जिसके चलते सरकार की योजना पूरी तरह से चौपट हो गई है भले ही वातावरण शुद्ध ना हुआ हो खुले में शौच बंद ना हो सका हो लेकिन इस योजना में करोड़ो की रकम डकार कर योजना से जुड़े अधिकारी जरूर मालामाल हो गए हैं शौचालय योजना का लाभ न मिलने से प्रत्येक गांव क्षेत्र में खुले में शौच करते लोगों को आज भी देखा जाता है सरकार ने जिले को सैकड़ो करोड़ों की रकम इस उम्मीद से भेजी थी कि गांव-गांव खुले में शौच मुक्त होगा घर-घर शौचालय बनाए जाएंगे लोगों को शौचालय बनाने की रकम भी दी गई लेकिन बीच में ग्राम पंचायत के जिम्मेदार पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान ने शौचालय निर्माण की रकम डकार ली तमाम फर्जी लोगों के नाम दर्ज कर शौचालय योजना की रकम खाते से निकाली जा चुकी है जिससे शौचालय के निर्माण नहीं हो सकें हैं और लोग खुले में शौच करने को मजबूर है। जिले में सर्वाधिक घोटाला नेवादा विकासखंड क्षेत्र में है यमुना नदी के तराई क्षेत्र सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में शौचालय निर्माण की रकम निकाल लिए जाने के बाद भी शौचालय के निर्माण नहीं हुए हैं तमाम शौचालय के निर्माण आधे अधूरे हैं और जिन शौचालय के निर्माण कराया भी गया है वह घटिया क्वालिटी के कराए गए हैं जिससे शौचालय उपयोग में नहीं आ सके हैं जिससे लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं नेवादा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरियावा निवासी अनीता देवी पत्नी बृजेन्द्र सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि तमाम अधिकारियों से मिलने के बाद भी उसे शौचालय निर्माण के लिए रकम नहीं मिल सकी है योजना में घोटाले की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की जरूरत है लेकिन क्या योगी सरकार में सैकड़ों करोड़ के घोटाले की उच्चस्तरीय जांच हो पाएगी यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल है।

**शौचालय विहीन घर**

**फर्जी तरीके से जिलों को ओडीएफ घोषित करके सैकड़ो करोड़ रुपए डकार गए विभागीय अधिकारी**



### लाखों के खर्च से बने सामुदायिक शौचालय की सुविधा से वंचित हैं ग्रामीण

**कौशाम्बी।** नेवादा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरौलहा में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है लेकिन आज तक लाखों की लागत से बने सामुदायिक शौचालय का प्रयोग ग्रामीण नहीं कर पा रहे हैं। सूत्र बताते हैं कि ग्राम पंचायत बरौलहा में बना सामुदायिक शौचालय एक दबंग के निजी भूमिधरी भूमि में पूर्व के ग्राम विकास अधिकारी अखलेश सोनी द्वारा धन की लालच मे बना दिया गया है। तथा शौचालय बनने के बाद से ही दबंग भूमिधरी द्वारा सर्वजनिक सामुदायिक शौचालय में अपना कब्जा कर लिया है और ग्रामीणों को शौच करने से मना कर दिया है। सरकारी धन से बने सामुदायिक शौचालय के बाद भी दबंग के भय से समूह एवं ग्रामीण शौचालय तक पहुंचने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। लगभग पिछले 3 वर्षों से निर्मित सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय को विकासखंड के अधिकारियों द्वारा समूह को हैंडोवर कराकर कब्जा नहीं दिलाया जा सका है। सूत्रों की माने तो शासन एवं उच्च अधिकारियों की कार्रवाई से बचने के लिए पूर्व में विकास खंड नेवादा कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा 54000 की धनराशि एक समूह में ट्रांसफर कर अपने उच्च अधिकारियों तथा शासन की कार्रवाई से बचाव करने के लिए कोरम पूरा कर लिया है।

# संपादकीय

## आत्मनिर्भरता-स्वतंत्रता राष्ट्र विकास के प्रमुख अवयव

"पराधीन सपने हूं सुख नाही"यह लोकोक्ति हर स्वाभिमानी आदमी और स्वतंत्रता प्रेमी व्यक्ति को याद रहती है। स्वावलंबन या आत्मनिर्भरता ही मनुष्य को स्वाधीन बनने की प्रेरणा देती है। आत्मनिर्भरता की स्थिति में व्यक्ति अपनी इच्छाओं को अपनी सुविधा अनुसार पूरा कर सकता है, इसके लिए दूसरों की तरफ मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती है। आत्मनिर्भरता केवल मनुष्य के लिए व्यक्तिगत रूप से ही जरूरी नहीं है, बल्कि राष्ट्र के लिए भी अति आवश्यक है ।एक स्वतंत्र राष्ट्र अपनी जनता को अपनी क्षमता के अनुसार सारी सुविधाएं तथा अन्य जीवन उपयोगी साधन उपलब्ध करा सकता है। भारत स्वतंत्रता के बाद हरित क्रांति सातवें दशक के प्रारंभ के बाद ही खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बन सका, इसके साथ ही भारत में खुशहाली की स्वाभाविक तौर पर वृद्धि हुई, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी कहा था कि "एक राष्ट्र की शक्ति उसकी आत्मनिर्भरता में है दूसरों से उधार लेकर काम चलाने में नहीं",पाकिस्तान की स्थिति बिल्कुल ऐसी ही है वह अभी तक स्वतंत्रता के बाद से 75 वर्ष के बाद भी संपूर्ण रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, वह कर्जे से डूब गया है और अपने देश में खर्चा चलाने के लिए पूरी दुनिया से उधार मांगते हुए घूम रहा है। पाकिस्तान आत्मनिर्भर नहीं होने का एवं उधार की जिंदगी जीने का एक बहुत बड़ा उदाहरण है। जबकि भारत देश विज्ञान, टेक्नोलॉजी, मेडिकल साइंस,इंजीनियरिंग और कृषि सेवा, खनिज,स्पेस रिसर्च में पूर्णता आत्मनिर्भर होकर विकसित देशों के बराबर खड़ा हुआ है। यह देशवासियों और देश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। आत्मनिर्भरता या स्वावलंबन किसी भी देश की प्रगति विकास तथा और उसके नागरिकों की जिंदगी की जिजीविषा है जिससे वह संघर्ष कर आगे बढ़ता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी महान लेखक को महान बनने तक निरंतर मेहनत कर किताबें लिखने का का श्रम करना पड़ा एवं आत्मनिर्भरता की स्थिति में विचार कर अपने विचारों को लिपिबद्ध करना पड़ा तब जाकर वह महानता की श्रेणी को प्राप्त कर सका। इसी तरह कोई छात्र अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना चाहता है तो उसे स्वयं परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा एवं परीक्षा में मनोवांछित सफलता प्राप्त कर उसे स्वयं अध्ययन करना होगा। इसी प्रकार जीवन के हर क्षेत्र में भी मनुष्य को आत्मनिर्भर होकर मेहनत कर दीक्षित सफलता प्राप्त करनी पड़ेगी। हमारा देश भारत भी आजादी के बाद से आत्मनिर्भरता की ओर अग्रेषित हुआ आज स्थिति यह है कि वह विश्व में विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में आ खड़ा हुआ है। तमाम महापुरुषों के जीवन से भी हमें आत्मनिर्भरता तथा स्वावलंबन की शिक्षा मिलती रहती है।महात्मा गांधी अपना कार्य स्वयं किया करते थे। गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी "दैव दैव आलसी" पुकारा है, तब जाकर उनकी जिंदगी पटरी पर आई और हमें परिश्रम कर आत्म निर्भर होने की शिक्षा प्रदान की थी। दूसरों पर निर्भरता हमें दूसरों का अनुसरण करने के लिए मजबूर करती है। दूसरों पर निर्भर होने से हमें के अनुरूप ही जीवन जीने के लिए बाध्य होना पड़ता है।

## अधिनायकवाद बढ़ने के खतरे से रहे सतर्क

संजीव ठाकुर

**राष्ट्रवाद** सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह परे नहीं रहा है' वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है' लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं' राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है' जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है' अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती हैं' भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते हैं' यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं।

# एयरो इंडिया की नयी ऊंचाई, नए भारत की सच्चाई

ललित गर्ग

**एशिया** का सबसे बड़ा एयर शो एयरो इंडिया के 14वें संस्करण में बेंगलुरु में स्थित येलहंका वायुसेना स्टेशन परिसर में भारत के दम, आत्मविश्वास, ताकत एवं आत्मनिर्भरता के बहुआयामी प्रदर्शन को देखकर कहा जा सकता है भारत सशक्त हो रहा है। युद्धक विमानों, रक्षा उपकरणों एवं तकनीक को प्रदर्शित करने वाली इस रक्षा प्रदर्शनी ने एक बार फिर यह इंगित किया कि भारत रक्षा क्षेत्र में भी एक बड़ी ताकत बन रहा है। इस आयोजन की महत्ता इससे समझी जा सकती है कि इसमें करीब सौ देशों की आठ सौ से अधिक कंपनियां भाग ले रही हैं। इनमें कई प्रमुख देशों की नामी कंपनियां हैं। सबसे बड़ी विशेषता एवं गर्व एवं गौरव करने की बात इससे बेहतर और कुछ नहीं कि रक्षा क्षेत्र की भारतीय कंपनियां इनसे होड़ ले रही हैं, बराबर का मुकाबला कर रही है। यह होड़ भारत के बढ़ते सामर्थ्य एवं रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को ही रेखांकित करती है, जो नये भारत एवं सशक्त भारत के निर्मित होने का संकेत है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एयरो इंडिया के उद्घाटन पर कहा कि मैं आपको भरोसा दिलाता हूं कि भारत में रक्षा क्षेत्र को मजबूती देने का सिलसिला आगे और भी तेज गति से बढ़ेगा। निश्चित ही देश अनुकूल एवं प्रभावी आर्थिक नीतियों के सहारे विश्व स्तर पर सैन्य साजोसामान के प्रमुख निर्यातकों में से एक बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जो लगातार युद्ध की आशंकाओं को देखते हुए सुरक्षा एवं दुनिया की बड़ी सैन्य शक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत की उजली एवं संतोषभरी तस्वीर प्रस्तुत कर रहा है। पांच दिवसीय इस कार्यक्रम, द रनवे टू ए बिलियन अपॉर्चुनिटीज विषय पर एयरोस्पेस और रक्षा क्षमताओं में भारत की वृद्धि का प्रदर्शन भारत की नई ताकत और आकांक्षाओं को दर्शाता रहा है। भारत को दुनिया की सर्वोच्च आर्थिक महाशक्ति बनाने में उन्नत रक्षा सामग्री के निर्माण के लिए और अधिक ऊंचे लक्ष्य रखने होंगे ताकि उसका निर्यात करके अधिकाधिक विदेशी मुद्रा का अर्जन किया जा सके। इसी के साथ भारत की कोशिश यह भी होनी चाहिए कि आयातित युद्धक सामग्री पर निर्भरता कम से कम हो सके। इसकी पुष्टि एयरो शो का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री की ओर से दिए गए इस वक्तव्य से भी होती है कि भारत अगले कुछ वर्षों में अपने सैन्य साजो-सामान का निर्यात 1.5 अरब अमेरिकी डालर से बढ़ाकर पांच अरब अमेरिकी डालर करने की तैयारी कर रहा है। इस समय भारत लगभग 75 देशों को अपनी रक्षा



सामग्री का निर्यात कर रहा है। उल्लेखनीय यह है कि भारत में निर्मित लड़ाकू विमानों, मिसाइलों और अन्य रक्षा उपकरणों एवं तकनीक की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह रक्षा सामग्री के निर्माण में निजी कंपनियों की भागीदारी के चलते ही संभव हो सका है। अच्छा हो कि यह समझा जाए कि अन्य क्षेत्रों की तरह रक्षा क्षेत्र में भी निजी कंपनियों की भागीदारी कितनी आवश्यक है। इससे भारत का व्यापार भी उन्नत होगा एवं रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनुसार भारत में बने तेजस विमान और आईएनएस विक्रांत भारत की अनूठी एवं विलक्षण क्षमताओं के उदाहरण हैं। भारत ने पिछले आठ-नौ वर्षों में अपने रक्षा उत्पादन क्षेत्र का कायाकल्प किया है। ऐसा प्रतीत होता है कि इक्कीसवीं सदी का नया भारत, अब नये अवसरों को तलाश कर उन्हें आकार देने में जुटा है। भारत विश्व की एक बड़ी ताकत बनने के लिये कमर कस चुका हैं। देश में हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ रहे हैं। अब तक हमारा देश पिछले कुछ दशकों से सबसे बड़ा रक्षा आयातक था, वो अब दुनिया के 75 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। बीते पांच वर्षों में देश का रक्षा निर्यात छह गुना बढ़ा है। रक्षा एक महत्वपूर्ण, चुनौतीपूर्ण एवं संवेदनशील क्षेत्र है जिसकी प्रौद्योगिकी को, जिसके बाजार को और जिसके व्यापार को सबसे जटिल माना जाता है। इसके बावजूद, भारत ने बीते 8-9 साल के भीतर-भीतर अपने यहां रक्षा क्षेत्र में ऐसे-ऐसे कीर्तिमान घटित किये हैं, देखकर संतोष ही नहीं हो, आश्चर्य भी होता है।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में रक्षा एवं एयरोस्पेस के क्षेत्र में किए गए प्रयास भारत के लिए एक लांच पैड की तरह काम कर रहे हैं। रक्षा-शिल्पी के रूप में उन्होंने हर नयी संभावनाओं को तलाशा है और उसे यथार्थ में ढाला है। दुनिया की बड़ी रक्षा-शक्तियों से चचाओं एवं वाताओं के द्वारा भारत की ताकत से रू-ब-रू कराया है। भारत में रक्षा क्षेत्र में हर निवेश, भारत के अलावा, दुनिया के अनेक देशों में एक प्रकार से व्यापार-कारोबार के नए रास्ते बना रहा है, नयी संभावनाएं, नए अवसर सामने आ रहे हैं। एयरो इंडिया की गगनभेदी गर्जना में भी भारत के नये सुधारों, उपलब्धियों, और परिवर्तनों की गूंज सुनकर हर हिन्दुस्तानी का सीना गर्व से चौड़ा हो रहा है। आज भारत में जैसी निर्णायक सरकार है, जैसी स्थायी नीतियां हैं, जैसी विकासमूलक सोच है, नीतियों में जैसी साफ नीयत है, वह अभूतपूर्व है, अनूठी है। आखिर भारत को परम वैभव, शक्ति-सम्पन्नता, आत्मनिर्भरता एवं स्वदेशी दर्शन के पथ पर ले जाने, समर्थ एवं शक्तिशाली बनाने की स्थितियां नये भारत बनने का स्पष्ट उद्घोष है। मेरा भारत महान बनने की ओर अग्रसर है। लेकिन महानता के लिये सतत जागरूकता, प्रयास, जिजीविषा, नयी सोच एवं कर्म जरूरी होते हैं।

> महानता को सिर्फ छूने का प्रयास जिसने किया वह स्वयं बौना हो गया और जिसने संकल्पित होकर स्वयं को ऊंचा उठाया, महानता उसके लिए स्वयं झुकी है। एयरो इंडिया जैसे प्रदर्शनों से जाहिर हो रहा है कि हमारे संकल्पों एवं प्रयत्नों को देखते हुए महानता नतमस्तक हो रही है

रक्षा क्षेत्र में स्वावलम्बी बनने के लिये भारत को एक साथ दो मोर्चों पर काम करने की आवश्यकता है। एक तो परंपरागत हथियारों के निर्माण में उसे और अधिक सक्षम होना होगा और दूसरे, आधुनिक तकनीक से लैस युद्धक सामग्री तैयार करने में भी महारत हासिल करनी होगी। यह इसलिए आवश्यक है, क्योंकि भविष्य के युद्ध परंपरागत हथियारों से कम, आधुनिक तकनीक आधारित उपकरणों से अधिक लड़े जाएंगे। रूस-यूक्रेन युद्ध ने यदि कुछ स्पष्ट किया है तो यही कि आने वाले समय में उन्हीं देशों की सैन्य शक्ति श्रेष्ठ मानी जाएगी, जो आधुनिक तकनीक और विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित रक्षा उपकरणों से लैस होंगे। इस दृष्टि से भारत को अभी लम्बी यात्रा करनी है। भारत के पास कुछ ऐसे भी आधुनिक उपकरण होने चाहिए, जैसे किसी और के पास न हों। स्पष्ट है कि रक्षा उपकरण और तकनीक विकसित कर रहीं भारतीय कंपनियों को शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विशेष काम करना होगा। जैसी उन्नत युद्धक सामग्री अमेरिका एवं इजरायल की रक्षा कंपनियां बना रही हैं, वैसी ही भारतीय कंपनियों को भी बनानी होगी और उनकी गुणवत्ता के मामले में उदाहरण पेश करना होगा।


आजादी के अमृत काल में भारत एक क्षेत्रीय अधिशक्ति (रीजनल सुपर पावर) बनने के साथ विश्व की बड़ी ताकत बनने की ओर अग्रसर है। एयरो इंडिया में प्रदर्शित रक्षा ताकत से भारत के निवासी ही चकित नहीं हुए, बल्कि देश के दोस्त-दुश्मन दोनों में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। निश्चित ही ह्मेरा भारत महान्ह है। नये भारत को निर्मित करते हुए कुछ स्मृतियां एवं कुछ स्वप्न हर भारतवासी के दिमाग में एक साथ उभरते हैं। जो बीत गया। जो आने वाला है। स्मृतियां सदैव मीठी होती हैं, स्वप्न सदैव आशावादी होते हैं। पर वर्तमान से कोई कभी सन्तुष्ट नहीं होता। लेकिन वर्तमान सरकार ने वर्तमान से संतुष्ट होने की स्थितियां निर्मित की है। हम स्वर्ग को जमीन पर नहीं उतार सकते, पर अपनी कमियों से तो लड़ अवश्य सकते हैं, यह लोकभावना, प्रशासन भावना एवं राजनीतिक भावना जागे। महानता की लोरियाँ गाने से किसी राष्ट्र का भाग्य नहीं बदलता, बल्कि तन्द्रा आती है। इसे तो जगाना होगा, भैरवी गाकर। रक्षा क्षेत्र में हो रहे नये-नये प्रयोग हमारे जागने की स्थिति को दर्शा रहे हैं।

महानता को सिर्फ छूने का प्रयास जिसने किया वह स्वयं बौना हो गया और जिसने संकल्पित होकर स्वयं को ऊंचा उठाया, महानता उसके लिए स्वयं झुकी है। एयरो इंडिया जैसे प्रदर्शनों से जाहिर हो रहा है कि हमारे संकल्पों एवं प्रयत्नों को देखते हुए महानता नतमस्तक हो रही है। ऐसे प्रदर्शन वो खिड़की है जो केवल ताजी हवा का ही अहसास नहीं करा रही है, बल्कि दुनिया को भारत की ताकत का भी अहसास करा रही है, नए भारत के नये दृष्टिकोण को भी प्रतिबिंबित कर रही है। बेंगलुरु का आसमान आज नए भारत के सामर्थ्य का साक्षी बना है, इस साक्षीभाव को जीवंत करते हुए इस बात की गवाही दे रहा है कि नयी ऊंचाई, नए भारत की सच्चाई है। आज देश नयी ऊंचाइयों को छू भी रहा है और उन्हें पार भी कर रहा है।

# पाक में हिन्दू-भारत विरोधी नेता संकट में क्यों

आर.के. सिन्हा

**पाकिस्तान** में आजकल एक अजीब तरह का इत्तेफाक देखने में आ रहा है। आटे की कमी और महंगाई की मार से त्रस्त और पस्त झेलते पाकिस्तान में इमरान खान के तीन करीबी नेताओं पर शरीफ सरकार का शिकंजा सकता जा रहा है। ये सभी घनघोर भारत तथा हिन्दू विरोधी बयानबाजी करने के कारण बदनाम रहे हैं। इमरान खान की सरकार में गृहमंत्री शेख राशिद और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री फवाद चौधरी जेल भी जा चुके हैं। इन दोनों पर सरकारी कामकाज में बाधा उत्पन्न करने के आरोप हैं। कश्मीरी मूल के शेख राशिद रावलपिंडी के उसी गॉर्डन कॉलेज में पढ़े हैं जिसमें सशक्त अभिनेता बलराज साहनी और उनके अनुज तथा महान कथाकार भीष्म साहनी पढ़ते थे। शेख राशिद बेहद हल्के इंसान हैं। उनकी किसी प्रेस कॉफ्रेंस को देखकर उनके गटर छाप होने का अंदाजा लग जाता है। उनके तीन काम हैं। वे या तो शरीफ बंधुओं को कोस रहे होते हैं या वे जरदारी और उनके पुत्र बिलाल भुट्टो को पाकिस्तान के ताजा खराब हालातों के लिए दोष दे रहे होते हैं। यहां तो वे अपने राजनीतिक विरोधियों पर वार करते हैं। पर उन्हें अपने देश के कठमुल्लों के बीच इसलिए सम्मान मिलता रहा है, क्योंकि; वे भारत को परमाणु युद्ध की धमकी देते रहते हैं। अपने को दिलीप कुमार तथा रेखा का फैन बताने वाले शेख राशिद यहां तक कह चुके हैं कि उनके देश के



पास रखे परमाणु हथियार भारत के खिलाफ इस्तेमाल हो सकते हैं। इस्तेमाल इस तरह से होंगे ताकि भारत में रहने वाले मुसलमान बच जाएं।

शेख राशिद कहते थे कि हमारे पास 250-250 ग्राम के न्यूक्लियर हथियार हैं, हम जहां चाहे गिरा सकते हैं। पाकिस्तान को डरने की क्या जरूरत है। इसके साथ ही वो कहा करते थे कि भारत को ऐसा सबक सिखाएंगे कि वो हमेशा याद रखेंगे। वे पाकिस्तान की बदहाली के लिए सरकार की नीतियों से अधिक अल्ला ताला के मुंह फेरने को जिम्मेदार बताते थे। बहरहाल, वे आजकल जेल की हवा खा रहे हैं। जेल में जाते हुए वे कांप रहे होते हैं। फवाद चौधरी भी शेख राशिद की तरह ही भारत विरोधी हैं। वे भी भारत की तरक्की से जलते-भुनते रहे हैं। जब राफेल लड़ाकू विमान को सौंपे जाने से पहले रक्षा मंत्री द्वारा पूजा हुई तो फवाद चौधरी ने पूजा का मजाक उड़ाया ।

दशहरे पर फ्रांस ने भारत को पहला राफेल फाइटर जेट सौंपा था। पारंपरिक तौर पर रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने इसकी पूजा की थी। भारत में दशहरे पर शस्त्र पूजा की प्राचीन और पारम्परिक धार्मिक परंपरा है। फ्रांस में शस्त्र पूजा पर राजनाथ ने कहा था कि अलौकिक शक्ति में हमारा पूर्ण विश्वास है। हालांकि पूजा को गलत बताने वालों को कौन बताए कि संसार में केवल दो चीजें ही अनंत हैं- ब्रह्मांड और विस्तार। तमाम हल्की बातों को किनारे रख दें। अगर कोई भारतीय हमारी परंपरानुसार पूजा करता है, तो किसी को भी उसकी आलोचना करने की क्या जरूरत है। रक्षा मंत्री ने केवल भारतीय परंपराओं का निर्वहन किया था। चौधरी बिना जाने-समझे बकवास कर रहे थे। वे भी जेल में भेजे गए थे। फिलहाल जेल से बाहर है। सुना है कि उनकी जेल में कसकर सेवा हुई है। शेख राशिद तथा चौधरी की तरह एक फैय्याज चौहान साहब भी हैं। वे एक बार कह रहे थे कि हम हिन्दुओं की तरह बुतपरस्त नहीं हैं। हम मुसलमान हैं। भारत यह न सोचे कि वे हमसे सात गुना बढ़ा है। उनका एक वीडियों वायरल हो गया है, जिसमें वे हिन्दुओं पर करारा प्रहार कर रहे हैं। हालांकि, वे यह सब करते हुए कहीं न कहीं अपनी पुरखों को ही कोस रहे थे। उन्हें ही गालियां दे रहे थे। चौहान को लगता है कि उन्हें अपने पूर्वजों के संबंध में कोई इल्म ही नहीं है। उनका सरनेम चौहान होना ही इस बात की गवाही है कि उनके पु?खे राजपूत हिन्दू थे। फैय्याज चौहान के पास गलती से संस्कृति विभाग का भी दायित्व था। जरा देख लीजिए कि संस्कृति मंत्रालय को देखने वाला शख्स किस सड़कछाप भाषा का इस्तेमाल कर रहा है। उनके अपने देश में अब भी चालीस-पचास लाख बचे खुचे हिन्दू रहते हैं। हिन्दू पाकिस्तान का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय भी है। इन सबके बावजूद वे अपने देश के हिन्दुओं का भी घोर अनादर करते हैं। वे भारत के ऊपर तोहमत लगाएं तो समझ आता है। पर हिन्दू धर्म ने वहां पर किसी का क्या बिगाड़ा है। शेख राशिद एक बार कह रहे थे कि अगर भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो पाकिस्तान को भारत पर परमाणु बम गिराने में देर नहीं लगेगी। हम मंदिरों की घंटियों को बंद करवा देंगे। गौर कीजिए कि ये सब मंत्री पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से ही आते हैं। पाकिस्तान के इसी प्रान्त में भारत के खिलाफ सर्वाधिक दुश्मनी का माहौल रहता है। देश के बंटवारे के वक्त पाकिस्तान के हिस्से वाले पंजाब में ही सबसे अधिक खून खराबा हुआ था। शेख राशिद के खुद के शहर रावलपिंडी में मई, 1947 में ही जमकर हिन्दुओं और सिखों का कत्लेआम हुआ था। यहां के हिन्दू और सिख खासे सम्पन्न हुआ करते थे। वह आग आगे चलकर पंजाब के दूसरे बहुत से शहरों तक में फैल गई थी। फिलहाल उन जख्मों को फिर से हरा करने का वक्त नहीं है। लेकिन, इनकी भड़काऊ बयानबाजी के पीछे गंभीर मंशा लगती है। पिछले दिनों चौहान से पुलिस के कुछ अफसर हिकारत से बात कर रहे थे जब वे लाहौर में इमरान खान के घर में जाने की कोशिश कर रहे थे। दरअसल पाकिस्तान को सुनिश्चित करना होगा ताकि उसके नेता भारत या हिन्दू धर्म को लेकर कोई आपत्तिजनक टिप्पणी न करें। दोनों देशों के संबंधों में सुधार न होने के पीछे एक बड़ा कारण शेख राशिद, फवाद चौधरी तथा चौहान जैसे नेता ही रहे हैं। ये कुछ बोलने से पहले सोचते नहीं हैं। इनकी जुबान पर ताला लगना चाहिए।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं स्वयं सहायता समूह

डॉ सत्यवान सौरभ

**एक** स्वयं सहायता समूह एक गाँव-आधारित वित्तीय मध्यस्थता समिति है, जिसमें आम तौर पर 10-20 स्थानीय महिला या पुरुष शामिल होते हैं। जब औपचारिक वित्तीय प्रणाली जरूरतमंदों की मदद करने में विफल हो जाती है, तो छोटे समूह सूक्ष्म पैमाने पर पैसे इकट्ठा करने, बचाने और उधार देने के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्वेच्छा से काम करते हैं। स्वयं सहायता समूह को एशिया के अधिकांश विकासशील देशों में व्यापक मान्यता मिली है जहाँ उनकी उपस्थिति काफी व्यापक है। माइक्रो-फाइनेंस के माध्यम से, कई स्वयं सहायता समूह ने ग्रामीण क्षेत्रों में मूल्यवान संपत्ति और पूंजी बनाई है और आजीविका को बनाए रख रहे हैं। स्वयं सहायता समूह स्वीकार्य और सुविधाजनक शर्तों पर क्रेडिट तक बेहतर पहुंच प्रदान करते हैं। सदस्य तुलनात्मक रूप से आसान शर्तों पर आकस्मिक उत्पादक और गैर-उत्पादक उद्देश्यों के लिए ऋण प्राप्त करने में सक्षम हैं। इससे स्थानीय साहूकारों पर उनकी निर्भरता काफी हद तक कम हो गई है। एसएचजी-बैंक लिंकेज कार्यक्रम जैसी सरकारी पहल भी उनके वित्तीय समावेशन और औपचारिक संस्थानों से ऋण तक आसान पहुंच को बढ़ा रही है। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से गरीबी उन्मूलन का दृष्टिकोण सबसे प्रभावी साधन है और विकेंद्रीकरण की नीति पर आधारित सुधारों की चल रही प्रक्रिया के अनुकूल है। स्वयं सहायता समूह ने गरीबों को माइक्रो फाइनेंस तक पहुंच प्रदान की है और इसके परिणामस्वरूप भूमि, पानी, ज्ञान, प्रौद्योगिकी और ऋण जैसे उत्पादक संसाधनों तक उनकी पहुंच में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। स्वयं सहायता समूह द्वारा सामूहिक खेती, मधुमक्खी पालन, बागवानी, रेशम उत्पादन जैसी स्वरोजगार गतिविधियों को हाथ में लिया गया है। ऐसे कई सफल मामले हैं जहां स्वयं सहायता समूह की महिलाएं अपने गांव में शराब की दुकानों को बंद करने के लिए एक साथ आई हैं। आजीविका एक्सप्रेस जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन बनाने में स्वयं सहायता समूहों की मदद की है। स्वयं सहायता समूह उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों का प्रबंधन करके विभिन्न कार्यों को करने के लिए महिलाओं के कौशल में सुधार करने में सक्षम हुए हैं। यह अनुमान लगाया गया है कि भारत की 25 मिलियन से अधिक ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों द्वारा लाभान्वित किया गया है। एक समूह के रूप में वे पैसे के प्रबंधन के साथ-साथ बहुत सी चीजें सीखने में एक-दूसरे की मदद कर सकते हैं क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश महिलाओं को पैसे के प्रबंधन के बारे में बहुत कम जानकारी होती है। केरल में कुदुम्बश्री को बड़ी सफलता मिली है। कुदुम्बश्री कैफे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का एक अनुकरणीय उदाहरण है। वे उद्यमशीलता प्रशिक्षण, आजीविका प्रोत्साहन गतिविधि और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों जैसी विभिन्न सेवाओं के लिए वितरण तंत्र के रूप में भी कार्य करते हैं। क्षेत्रीय असंतुलन, आदर्श औसत ऋण आकार से कम, स्वयं सहायता समूह संघों द्वारा निगरानी और प्रशिक्षण सहायता की कमी जैसे मुद्दे हैं जैसे - स्वयं सहायता समूह के ऋणों की गैर-निष्पादित आस्तियों को बैंकों के पास बढ़ाना। कई अध्ययनों में शासन, गुणवत्ता, पारदर्शिता और उनके कार्यों में अनियमितता से संबंधित मुद्दे भी पाए गए हैं। सरकारी कार्यक्रमों को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कार्यान्वित किया जा सकता है। यह न केवल पारदर्शिता और दक्षता में सुधार करेगा बल्कि हमारे समाज को महात्मा गांधी द्वारा परिकल्पित स्वशासन के करीब लाएगा। स्वयं सहायता समूह को बढ़ावा देने वाले संस्थानों से लगातार और स्थायी संरचनात्मक सहायता विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा बार-बार जागरूकता शिविर आयोजित किए जा सकते हैं। समूह को सामूहिक बनाने के लिए सभी सदस्यों की समय-समय पर क्षमता निर्माण, डिजिटल वित्तीय समावेशन पर सरकार के ध्यान के साथ, तकनीकी प्लेटफार्मों की ओर संक्रमण के लिए समूह के सदस्यों के प्रशिक्षण में निवेश करना इन समूहों के आजीविका पर पड़ने वाले प्रभाव को अधिकतम करने के लिए सही प्रकार की सहायता प्रदान करने में निवेश करना महत्वपूर्ण है।

## डोंट वरी फरवरी है न....

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

**साल** में बारह महीने होते हैं। उसमें भी फरवरी केवल एक बार आता है। साल में बावन रविवार आते हैं उसी तर्ज पर फरवरी कुछ ज्यादा आ जाता तो कितना अच्छा होता। यहाँ बेरोजगार, लाचार, घुमक्कड़ युवाओं को वैलेंटाइन डे मनाने की चुल मची रहती है। यह महीना भी न होता तो न जाने इन युवाओं के जीने का सहारा क्या होता। घर में घरवालों की और बाहर बाहरवालों के ताने सुनो। ऊपर से अलग-अलग नेमटैग। निकम्मा कहीं का। धरती पर बोझ, बेकारा और न जाने क्या-क्या। ऐसे में इन युवाओं को फरवरी महीने की ऐसी प्रतीक्षा रहती है जैसे इसके बिना मर ही जायेंगे। यही तो वह महीना होता है जो सिखाता है कि साल भर दुश्मनी करो कोई बात नहीं फरवरी में सब पैच अप हो जाता है। जिंदगी में जितनी भी परीक्षाएँ आ जाएँ उसके लिए चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। बैकलॉग लिखो और पास हो जाओ। कौनसा पास होकर तीर मारना है। वहीं लाचारी वही निकम्मापन। फरवरी फरवरी नहीं रिकवरी महीना है। सारे दुखों, पीड़ाओं से रिकवरी मिलती है। फरवरी महीने के दूसरे सप्ताह में एक खास तरह के इम्तिहान की शुरूआत होती है, जिसे हर आशिक को अपने प्यार के लिए देना पड़ता है। आशिकी-1 और आशिकी-2 की तरह नहीं आशिकी इनफिनिटी की तरह। कुछ लोग इस इम्तिहान के तैयारी के दौरान इतने उत्साहित रहते हैं मानो जिंदगी का मतलब ही फरवरी का दूसरा सप्ताह है। प्रेमी-प्रेमिका इसी सप्ताह की राह ताकते-ताकते सावन के हरे बदले वैलेंटाइन के पिंक बन जाते हैं। इन्हीं चारों ओर पिंक ही पिंक दिखाई देता है। ओढ़ना, बिछाना, पहनना सब कुछ पिंक ही पिंक। दरअसल सात दिनों तक चलने वाले इस परीक्षा के हर पेपर को पास करना जरूरी होता है। नहीं तो तूफान आ सकता है या फिर भूकंप। जो भी करना है इसी सप्ताह में करना है।

## फटाफट खबरें

### केजी से पीजी की सुविधाओं के साथ सफलता की गारंटी वरना फीस वापिस

**चरखी दादरी। चरखी** स्थित संस्कारम स्कूल में रविवार को ओलिंपियाड और स्कॉलरशिप टेस्ट व नन्हे मुन्हे बच्चों के लिए टैलेंट हंट परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विद्यार्थियों व अभिभावकों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। संस्था निदेश मास्टर विरेंद्र टीनू फौगाट की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन महीपाल यादव ने संबोधित कर चरित्र निर्माण पर बल दिया। इस दौरान विद्यालय में स्कॉलरशिप टेस्ट का भी आयोजन किया गया और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

अपने संबोधन में संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन महिपाल यादव ने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आदर्श संस्कार देना आवश्यक हैं। जीवन में अच्छे संस्कार जिंदगी को अच्छा रूप देते हैं। बच्चों के जीवन से करियर बनाने तक अच्छे संस्कारों का होना अति आवश्यक है। अच्छे संस्कार ही जीवन के मुख्य स्तंभ हैं। मौजूदा दौर में तकनीकी क्रांति के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति के हाथों में स्मार्टफोन हैं। इंटरनेट मीडिया पर चलने वाले वीडियो व दूसरे मैसेज विद्यार्थियों के लक्ष्य को भटकाते हैं। इसलिए अभिभावकों को की जिम्मेवारी भी बढ़ जाती है कि वे किस प्रकार समय प्रबंधन व अनुशासन का इस्तेमाल करते हुए बच्चों द्वारा इंटरनेट मीडिया व मोबाइल के सदुपयोग को सुनिश्चित करें। चेयरमेन महीपाल यादव ने कहा कि संस्कारम ग्रुप एक ही छत के नीचे केजी टू पीजी शिक्षा, संस्कार सहित दूसरी सभी प्रतिभाओं को निखारता है। उन्होंने कहा कि यदि संस्कारम ग्रुप में केजी से पीजी तक की शिक्षा ग्रहण करने के बाद भी विद्यार्थी कामयाब नहीं होता है तो ग्रुप उसकी पूरी वापिस लौटाएगा। संस्कारम द्वारा आयोजित परीक्षा में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक टेलेंट हंट, तीसरी कक्षा से सातवी तक ऑल इंडिया ओलंपियाड स्कॉलशिप टेस्ट और कक्षा आठवी से ग्यारहवीं तक संस्कारम टेलेंट सर्च परीक्षा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था निदेश ने मास्टर विरेंद्र टीनू फौगाट व अजित ने अभिभावकों का स्वागत किया और बच्चों को अच्छी शिक्षा व अच्छे संस्कार के लिए संस्कारम ग्रुम से जोड़ने की अपील की।

विद्यालय प्राचार्य कपिल बंसल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान करीब छह हजार विद्यार्थियों और 15 सौ अभिभावकों ने शिरकत की। इस अवसर पर संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन महिपाल यादव, संस्कारम संस्था निदेशक मास्टर विरेंद्र टीनू फौगाट, निदेशक अजीत, प्राचार्य कपिल बंसल, उर्मिल फौगाट आदि मौजूद थे।

### बोलेरो के आगे कैंपर लगाकर व्यक्ति को मारपीट कर किया घायल, बोलेरो को भी किया क्षतिग्रस्त

**चरखी दादरी। जिला के गांव** कादमा में एक बोलेरों के आगे बोलेरो कैंपर लगाकर बोलेरों सवार राजस्थान निवासी व्यक्ति के साथ मारपीट कर उसे घायल करने व बोलेरो गाड़ी के शीशे तोड़कर उसे भी क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। बोलेरो सवार व्यक्ति ने घटना की जानकारी डायल 112 पर दी जिसके बाद ईआरवी टीम मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी गोपी पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे दादरी सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। बोलेरो सवार व्यकति ने पुलिस को शिकायत देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के झूंझनू जिले के बनगोठड़ी खुर्द निवासी नवल सिंह ने बताया कि वह किसी काम से अपने दोस्त के साथ बोलेरों में चरखी दादरी जिले के गांव आदमपुर डाढी जा रहे थे। जब वे कादमा के समीप पहुंचे तो कादमा से पहले एक आई-टवंटी कार खड़ी थी और उसके पास खड़े तीन चार लोग गाड़ी रुकवाने के लिए तेज आवाज लगा रहे थे लेकिन उन्होंने डर के मारे अपनी गाड़ी नहीं रोके। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जब वे कादमा पहुंचे तो उक्त लोगों के कहने पर बोलेरो कैंपर सवार लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया। जिसके चलते डर के मारे उसका दोस्त वहां से भाग गया और बोलेरो कैंपर सवार आठ-दस लोगों ने उसे अश्लील गालियां दी और गाड़ी से उतारकर उसके साथ काफी मारपीट कर उसे घायल कर दिया। उक्त लोगों ने उनकी गाड़ी के शीशे तोड़ दिए व उसे भी पूरी तरह से क्षतिग्रसत कर दिया। नवल सिंह का आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी है । उसके बाद में घटना की जानकारी डायल 112 को दी जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गाड़ी को पुलिस थाने व उसे अस्पताल पहुंचाया। नवल सिंह ने पुलिस को शिकायत देकर उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### गुलाबचंद कटारिया को असम का राज्यपाल बनाए जाने पर राजस्थान भाजपा चकित

**जयपुर। प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के राजस्थान दौरे से कुछ घंटे पहले विपक्ष के नेता गुलाब चंद कटारिया (एलओपी) को असम का राज्यपाल नामित किए जाने पर राजस्थान भाजपा को आश्चर्य में डाल दिया। अब राजस्थान में विपक्ष के अगले नेता की नियुक्त को लेकर कयास लगाया जा रहा है।

वर्तमान में, पार्टी गुटबाजी की चपेट में है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समर्थन उन्हें सीएम चेहरे के रूप में पेश करने की मांग कर रहे हैं। हालांकि पार्टी नेतृत्व ने आगामी विधानसभा चुनाव मोदी के नाम और चेहरे पर लड़ने की घोषणा की है।

### ट्रक से 14 लाख का अवैध डोडा पोस्त बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**चुरू। रतन नग**र थाना पुलिस ने शनिवार को नाकाबंदी में झाड़ू से भरे ट्रक से 285 किलो अवैध डोडा पोस्त बरामद कर तस्कर तिजेंद्र पाल सिंह उर्फ विक्की पुत्र सौदागर सिंह (35) निवासी गांव गगड़वाल थाना खमाणों जिला फतेहगढ़ साहिब पंजाब को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की बाजार में कीमत करीब 14 लाख रुपए है।

चूरू एसपी दिगंत आनंद ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं तस्करों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा व सीओ राजेंद्र कुमार बुरड़क के सुपरविजन में अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को थाना अधिकारी जसवीर कुमार मय टीम द्वारा रतन नगर चौराहे पर नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी।

नाकाबंदी के दौरान फतेहपुर की तरफ से आ रहे पंजाब नंबर के एक ट्रक को रोक कर चेक किया तो झाड़ू से भरे ट्रक में अवैध रूप से तस्करी किया जा रहा 285 किलो डोडा पोस्त चुरा बरामद किया गया। ट्रक चालक तिजेंद्र पाल सिंह उर्फ विक्की को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर मादक पदार्थ ट्रक समेत जब्त किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने मंदसौर से मादक पदार्थ की तस्करी कर हरियाणा के हिसार ले जाना बताया है।

## सांसद, विधायक, जिपं अध्यक्ष, डीएम आदि ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद

# 315 जोडों का हुआ सीएम सामूहिक विवाह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** समाज कल्याण विभाग से संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 315 जोडों का सामूहिक विवाह हुआ। एक जोडा मुस्लिम एवं तीन जोडों का बौद्ध रीति से विवाह सम्पन्न हुआ।



मंगलवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का शुभारम्भ करते हुए सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि बेटी बोझ नहीं है, उसके लिए मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री ने घर में बेटी पैदा होने से लेकर शिक्षा ग्रहण करने तक का पैसा देने का कार्य कर रहे हैं। कन्या सुमंगला योजना के तहत गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह को 51 हजार रुपये दिये जा रहे हैं। गांव का गरीब आत्मनिर्भर बने, तभी भारत आत्मनिर्भर बन सकता है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सांसद-विधायक समेत सभी जनप्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस मेला परिसर में 315 जोडों का मुख्यमंत्री की प्रेरणा से विवाह हो रहा है। नवविवाहित जोडों को अच्छे सुखमय जीवन की कामना की।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह भदौरिया ने कहा कि सरकार की ओर से 51 हजार रुपये की धनराशि खर्च की जाती है, जिसमें 35 हजार रुपये नकद कन्या के खाते में दिये जाते हैं। कन्या के जेवरात व श्रृंगार को दस हजार रुपये व छह हजार रुपये आयोजन में खर्च किया जाता है।

विधायक मऊ-मानिकपुर अभिलाष चन्द्र द्विवेदी ने सभी जोडों को बधाई देते हुए कहा कि सभी पर भगवान कामतानाथ की कृपा बनी रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने सभी वर-वधू व परिजनों का आभार जताया। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने नवविवाहित जोडों को आशीर्वाद दिया। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने भी जोडों के अच्छे भविष्य की कामना की। सीडीओ अमृतपाल कौर ने सभी का आभार जताया। संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ल ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख पहाडी सुशील द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविन्द मिश्रा, ब्लाक प्रमुख कर्वी प्रतिनिधि गुलाब सिंह, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर, भाजपा नेता पंकज अग्रवाल, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एडीएम न्यायिक वन्दिता श्रीवास्तव, एसडीएम राजबहादुर, सीओ पुलिस लाइन राजकमल, पीडी ऋषिमुनि उपाध्याय, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेन्द्र, डीडीओ आरके त्रिपाठी, बीएसए लवप्रकाश यादव समेत वर-वधू के परिजन मौजूद रहे।

## एसपी-सीओ समेत चार पुलिस कर्मियों को डीजीपी ने किया सम्मानित

### जेल में बन्द विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत की गिरफ्तारी का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले की पुलिस कप्तान श्रीमती वृन्दा शुक्ला समेत तीन पुलिस कर्मियों को लखनऊ में डीजीपी ने जेल में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे के पत्नी से मिलन कांड का भंडाफोड करने पर एसपी, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, सीओ एलआईयू अनुज कुमार मिश्रा और जेल चैकी प्रभारी श्यामदेव सिंह को सम्मानित किया है। डीजीपी ने इन चारों को प्रशंसा चिन्ह देकर सम्मानित किया है।



मंगलवार को चारों पुलिस कर्मियों को लखनऊ बुलाया गया था। तीन दिन पहले जिला जेल रगौली में अब्बास अंसारी को जेल से बाहर ले जाने की साजिश रचने पर पत्नी निखत अंसारी को पुलिस ने पकडा था। शुक्रवार को बन्दी मुलाकाती रजिस्टर में बिना नाम दर्ज कराये निखत पति अब्बास से मिलने जेल पहुंची थी। डीएम अभिषेक आनन्द व एसपी श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने सूचना पर निखत को गिरफ्तार किया था।

विधायक अब्बास अंसारी की पत्नी निखत बानो अंसारी जिला मुख्यालय से सटे कपसेठी गांव के विकासनगर में प्रहलाद साहू का मकान सपा के जिला महासचिव फराज खान ने उसे किराये पर दिलवाया था। सोमवार को देर शाम मकान मालिक को पुलिस ने पूंछताछ को बुलाया था। देर शाम पुलिस ने मकान को सील कर दिया है। मामले की छानबीन तेज हो गई है। सूत्रों की मानें तो जांच को लखनऊ स्तर से विशेष टीम भी मंगलवार को यहां आने वाली है। निखत हर दिन तीन-चार घंटे अवैध ढंग से जेल में अब्बास से मुलाकात करती थी। इस मामले में जेलर संतोष पाण्डेय, डिप्टी जेलर पीयूष पाण्डेय समेत पांच जेल वार्डन को निलम्बित किया जा चुका है। जेल सुपरिटेंडेन्ट अशोक सागर को निलम्बित करने की सिफारिश शासन से की गई है। उन्नाव के जेलर राजीव कुमार सिंह ने जेल का कार्यभार संभाल लिया है।

## 15 पर गुण्डा एक्ट से अपराधियों में मची खलबली

### एसपी के निर्देश पर हुई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध जारी अभियान के क्रम में मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने आम जनता में भय एवं आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले 15 लोगों के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्यवाही की है। इससे अपराधी तत्वों में खलबली मची है। मंगलवार को एसपी वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने क्षेत्र में आम जनता में भय एवं आतंक फैलाकर गुंडागर्दी करने वाले कमलबिहारी त्रिपाठी उर्फ बबलू विधायक पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी बरहा कोटरा, अनिल धुरिया पुत्र चुन्नीलाल निवासी टिकरा टोला, गौरीशंकर श्रीवास्तव पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उर्फ पप्पू निवासी टिकरा टोला, अजय मिश्रा पुत्र सत्यराम, दीनदयाल पुत्र बच्चा राजपूत, उदयराज मिश्रा पुत्र धर्मपाल मिश्रा, अंकित मिश्रा पुत्र शिवपूजन मिश्रा निवासीगण उफरौली, श्यामकिशोर धुरिया पुत्र पुरुषोत्तम निवासी हटवा, गंगा प्रसाद पुत्र जवाहर निवासी टिकरा टोला, प्रेमनारायण पुत्र तेजबलि कहार निवासी हटवा, अविनाश उर्फ बच्चा पुत्र लालता प्रसाद सिंह निवासी टिकरा, उमाशंकर धुरिया पुत्र पुरुषोत्तम निवासी हटवा, आशीष पुत्र श्यामलाल निवासी बम्बुरा, प्रदीप पुत्र भइयन निवासी बरियारीकला व कल्लू पुत्र बरातीलाल निवासी हटवा के खिलाफ श्रीयूपी गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही की है। पुलिस के इस कार्यवाही से अपराधी तत्वों में खलबली मची है। इसी क्रम में सरधुआ थाने के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने 138 एनआईए एक्ट के तहत वारंटी जानकीशरण पुत्र जागेश्वर निवासी अर्की को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मारकुण्डी थाने के थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने रोहित सतनामी पुत्र रामनाथ सतनामी निवासी लालपुर थाना बरौंधा जिला सतना मप्र को बीस क्वार्टर देशी शराब के साथ दबोचकर आबकारी अधिनियम में चालान किया है।



## एमएलए अब्बास का अब नया ठिकाना होगा कासगंज जेल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मनी लांडिंज्ग के मामले में जेल में बन्द माफिया डान मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी को शासन के निर्देश पर कासगंज जेल स्थांतरित करने के निर्देश जिला प्रशासन को मिले हैं। सूत्रों का दावा है कि जेल में पत्नी से गैरकानूनी ढंग से मुलाकात का भंडा फूटने पर ये कार्यवाही हुई है।



मंगलवार को शासन के निर्देश पर जेल में बन्द विधायक अब्बास अंसारी को कासगंज जेल शिफ्ट करने के आदेश जिला प्रशासन को मिले हैं। सूत्रों का दावा है कि जेल कर्मियों के बीच घूस की रकम को लेकर विवाद होने पर गैरकानूनी ढंग से अब्बास की पत्नी निखत से भेंट का खुलासा हुआ है। किसी ने घूस की धनराशि कम मिलने पर जिला प्रशासन को गैरकानूनी ढंग से मुलाकात की जानकारी दी थी। इसके चलते डीएम-एसपी ने निखत को रंगेहाथों गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

इस मामले में सूत्रों का दावा है कि जिन लोगों के विधायक अब्बास अंसारी से करीबी रिश्ते रहे हैं या जिन लोगों ने उसकी पत्नी को यहां किराये का घर दिलाने में मदद की है। उन सभी पर जिला प्रशासन की गाज गिर सकती है। इनमें खासतौर पर सपा के जिला महासचिव फराज खान का नाम सबसे ऊपर लिया जा रहा है। फराज खान ने ही निखत को कपसेठी विकासनगर में प्रहलाद साहू का मकान किराये पर ये कहकर दिलाया था कि ये पानी की टंकी के बडे ठेकेदार हैं।

### जंगल में अग्निकांड के जिम्मेदारों पर होगी कार्यवाही: अशोक जैन

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर क्षेत्र में गर्मी के दिनों में अक्सर लगने वाली आग से बचाव को रानीपुर टाइगर रिजर्व के मारकुण्डी रेंज एक के क्षेत्रीय वनाधिकारी ने रेंज के अन्दर पडने वाले गांवों में चैपाल लगाकर ग्रामीणों से रुबरु हो जंगल को आग से बचाने व उससे होने वाली क्षति की जानकारी दी।

मंगलवार को रानीपुर टाइगर रिजर्व के क्षेत्रीय अधिकारी अशोक जैन ने टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पडने वाले गांव जरवा, डोंडामाफी व कुसमुही में चैपाल लगाकर ग्रामीणों को बताया कि वह क्षेत्र में माचिस, लाइटर आदि ज्वलनशील सामग्री लेकर न जायें। आगामी दिनों में महुआ फूल एकत्रीकरण के दौरान वृक्षों में नीचे सूखे पत्तों में आग न लगायें। जंगल में आग से वृक्षों के नये कल्ले नष्ट होने के साथ बेजुबान जंगली जानवर भी काल के गाल में समा जाते हैं। जंगली जानवरों से उनका प्राकृतिक घर छिनने से वे गांवों की ओर भागते हैं। इससे फसलों के नष्ट होने के साथ मानव भी वन्य जीव के शिकार हो जाते हैं। जंगल में आग से उठने वाले धुआ से माहौल प्रदूषित होता है। इससे कैंसर जैसी भयानक बीमारियां जन्म लेती हैं। दुर्लभ जंगली जडीबूटियां भी नष्ट हो जाती हैं। इंसानों को शुद्ध आक्सीजन न मिलने से फेफडों में दिक्कत होने लगती है।

उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में कोई भी व्यक्ति ज्वलनशील सामग्री के साथ मिलता है तो उसके खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी। जिसमें सजा व जुमार्ना दोनों हो सकता है।

### फिल्म की शूटिंग के चलते शहर में लगा भारी जाम, प्रशासन की अदूरदर्शिता



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के महिला थाने के पास ट्राफिक चैराहे तक लम्बा जाम लगने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। ये जाम इसलिए लगा है कि यहां पर फिल्म की शूटिंग चल रही है। फिल्म की शूटिंग की अनुमति शहर के अन्दर किसने दी है।

मंगलवार को फिल्म की शूटिंग नगर पालिका के पास चलने के चलते महिला थाने से लेकर ट्राफिक चैराहा तक लम्बा जाम काफी देर तक लगा रहा। जाम से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडा। जिन लोगों को लम्बी दूरी की यात्रायें करनी थी, उनकी ट्रेन व बस छूट गई। इससे लोगों को तमाम तरह की परेशानी का सामना करना पडा। दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लगी रहीं।

फिल्म की शूटिंग चलने की वजह से पांच किमी तक लम्बे जाम का सामना शहरवासियों को करना पडा। जिला प्रशासन की अदूरदर्शिता के चलते शहर में लोगों को अनावश्यक परेशानी उठानी पडी है। यातायात पुलिस को भी जाम खुलवाने में लोहे के चने चबाने पडे। पांच से छह किमी तक जाम खुलवाना यातायात पुलिस के लिए भी आसान नहीं था। लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पडा।

### सतगुरु दर्शन और सत्संग से जीव के कर्म कट जाते है : हुजूर कंवर

**फतेहाबाद। सतगुरु मिलने** से जीव के तीनों ताप के दुख खत्म हो जाते हैं। कोई तन से तो कोई मन से कोई कोई तो दुसरो के सुख से दुखी है। इन दुखों से छुटकारा केवल सतगुरु शरण से मिलता है। गुरु गुरु में भी फर्क है। मां के गर्भ से जन्म लेते ही हम अनेकों गुरु धारण करते जाते हैं जो हमें सांसारिक ज्ञान का दान देते हैं लेकिन सतगुरु इन सब गुरुओं से अलग है। सतगुरु तो चार खान में उलझी इस सुरत को उसकी समस्त उलझनों से मुक्त कर के चौथे लोक का भेद बता कर उसके आवागमन को खत्म करते हैं।


यह सत्संग वाणी परम संत सतगुरु कंवर साहेब महाराज ने फतेहाबाद के सिरसा रोड पर स्थित राधास्वामी आश्रम में हजारों की संख्या में जुटी साध संगत के समक्ष फरमाई। गुरू जी ने कहा कि जिसको देखो वही बुराई से लिपटा पड़ा है। हर कोई दुनियादारी की चीजों में उलझा हुआ है। जीवन की बबादी को सुख मान कर इंसान गाफिल है। हर कोई केवल दुसरो के दोष ही देख रहा है जबकि सबसे ज्यादा दोष तो उसके अपने अंतर में है। पूरी दुनियां जीवन रूपी चौपड़ के खेल में फंसे हुए हैं लेकिन कोई भी इस बाजी को जितना नहीं चाहता। इस बाजी को केवल वो ही जीत सकता है जिसने पूर्ण सतगुरु को खोज लिया हो।

# अमेरिका की मिशिगन यूनिवर्सिटी में शूटिंग : 2 जगह गोलीबारी में 3 की मौत, 5 घायल; पुलिस ने कहा- आरोपी भी मारा गया

**मिशिगन।** अमेरिका की मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी कैंपस में 2 जगह गोलीबारी हुई है। इसमें अब तक 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 5 छात्र घायल हैं। MSU पुलिस ने कहा कि 43 साल के आरोपी ने हमले में खुद को भी चोट पहुंचाई, जिससे उसकी मौत हो गई है। कैंपस के बाहर संदिग्ध का शव पाया गया है।इससे पहले कैंपस में मौजूद पुलिस अधिकारियों ने अश्वेत संदिग्ध की तस्वीर जारी की है। फोटो में उसकी हाइट छोटी है और उसने चेहरे पर मास्क लगा रखा है।

**स्टूडेंट्स को कैंपस न आने का आदेश**

मिशिगन यूनिवर्सिटी के बर्की हॉल और IM ईस्ट सेंटर में ये घटना हुई। दोनों जगहों के बीच करीब 1 मील की दूरी है। पुलिस को करीब रात 8 बजे इमरजेंसी नंबर 911 पर शूटिंग की सूचना मिली। इसके 10 मिनट बाद ही यूनिवर्सिटी में एक और जगह गोली चली। हालात को देखते हुए स्टूडेंट्स को कैंपस न आने का



आदेश दिया गया है। घटना में घायल हुए छात्रों को कैंपस के पास स्पैरो हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

**क्लासेज 48 घंटे के लिए सस्पेंड**

यूनिवर्सिटी में सभी एक्टिविटीज और क्लास अगले 48 घंटे के लिए सस्पेंड कर दी गई हैं। सावधानी के तौर पर 30 फायरट्रक, एंबुलेंस और इमरजेंसी वाहनों को कैंपस के बाहर तैनात किया गया है। फिलहाल कैंपस के पास मौजूद सभी स्टूडेंट्स को सुरक्षित जगहों पर जाने को कहा गया है।अमेरिका के फ्लोरिडा में सोमवार दोपहर हुई फायरिंग में 10 लोग घायल हुए हैं। घटना फ्लोरिडा के लेक लैंड इलाके में हुई। पुलिस चीफ सैम टेलर के मुताबिक, हमलावर एक डार्क ब्लू कार में आए थे। घटनास्थल पर पहुंचते ही उन्होंने गाड़ी के चारों शीशे खोले और ताबड़तोड़ गोलियों चलाने लगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दो लोगों की हालत गंभीर है। घटना के बाद से पुलिस गाड़ी की तलाश में जुटी है।

## क्रांतिकारी बदलावः सऊदी अरब पहली बार स्पेस में भेजेगा महिला अंतरिक्ष यात्री

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब इस साल के अंत में अपनी पहली महिला अंतरिक्ष यात्री को अंतरिक्ष मिशन पर भेजेगा। देश की रूढ़िवादी छवि को सुधारने की दिशा में इसे प्रभावी कदम माना जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सऊदी अरब की महिला अंतरिक्ष यात्री रेयाना बरनावी एक पुरुष अंतरिक्ष यात्री अली अल कर्नी के साथ




इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से अपनी यात्रा शुरू करेंगी। इस मिशन पर क्रू मेंबर भी शामिल होंगे। उनका स्पेस शिप अमेरिका से रवाना होगा। सऊदी नेता क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अपने देश की कठोर छवि से इतर महिलाओं के लिए सुधार के कई कदम उठाते रहे हैं।

## सबसे खराब वायु गुणवत्ता की वैश्विक सूची, लाहौर पहले तो ढाका दूसरे स्थान पर

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका की वायु गुणवत्ता मंगलवार सुबह बेहद खराब रही। दुनिया के सबसे खराब वायु गुणवत्ता वाले शहरों की सूची में ढाका दूसरे स्थान पर है। इस वैश्विक सूची में पहले स्थान पर पाकिस्तान के लाहौर और तीसरे स्थान पर



पाकिस्तान के कराची का नंबर है। बांग्लादेश के समाचार पत्र ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक मंगलवार सुबह 9.20 बजे ढाका का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) स्कोर 174 रहा। जबकि लाहौर और कराची में एक्यूआई स्कोर क्रमशः 196 और 171 रहा।जानकारी के मुताबिक ढाका लंबे समय से वायु प्रदूषण की समस्या से दो-चार हो रहा है। आमतौर पर इसकी वायु गुणवत्ता सर्दियों में बहुत खराब हो जाती है जबकि मानसून के दौरान इसमें सुधार हो जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक वायु प्रदूषण से हर साल दुनिया भर में अनुमानित सात मिलियन लोगों की जान जाती है जिसमें स्ट्रोक, हृदय रोग, फेफड़ों के कैंसर और श्वांस संबंधी बीमारियां शामिल हैं।

## पाकिस्तान के पंजाब में पहली लोकसेवक हिंदू महिला सहायक आयुक्त के तौर पर नियुक्त

**लाहौर।** पाकिस्तान में पहली बार किसी हिंदू महिला को लोकसेवक पद पर एक डॉक्टर को वर्तमान में पंजाब प्रांत के हसनअब्दाल शहर में सहायक आयुक्त और प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया गया है। जो शहर के इतिहास में पहली बार हुआ है।



रिपोर्ट के अनुसार डॉक्टर सना रामचंद गुलवानी (27) सेंट्रल सुपीरियर सर्विसेज (सीएसएस) परीक्षा 2020 पास करने के बाद पाकिस्तान प्रशासनिक सेवा (पीएएस) में शामिल हुईं। उन्होंने अटक जिले के हसनअब्दाल शहर के सहायक आयुक्त और प्रशासक के रूप में पदभार ग्रहण किया।गुलवानी ने अपने पहले प्रयास में परीक्षा पास की और हिंदू समुदाय के कई कार्यकर्ताओं के अनुसार विभाजन के बाद से परीक्षा पास करने वाली समुदाय की वह पहली पाकिस्तानी महिला हैं। सिंध प्रांत के शिकारपुर शहर में पली-बढ़ीं गुलवानी संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होने से पहले अपने माता-पिता की इच्छा पर डॉक्टर बनीं। गुलवानी ने अपनी परीक्षा पास करने के बाद कहा था, मुझे नहीं पता कि मैं पहली हूं, लेकिन (मैंने) अपने समुदाय से किसी (महिला) के परीक्षा में शामिल होने के बारे में कभी नहीं सुना।

## अमेरिका की वॉर्निंग- रूस से तुरंत लौटें यूएस सिटीजन:कहा- बेवजह अमेरिकी नागरिकों को पकड़ रहा रूस, बिना सबूत दे रहा सजा

**मॉस्को।** रूस-यूक्रेन जंग को देखते हुए अमेरिका ने रूस में रह रहे अपने नागरिकों से तुरंत देश छोड़ने को कहा है। अमेरिका ने आशंका जताई है कि रूसी अधिकारी बिना किसी वजह के गलत तरह से अमेरिकी नागरिकों को गिरफ्तार कर सकते हैं, जिसे देखते हुए मॉस्को में स्थित अमेरिकी ऐंबैसी ने चेतावनी जारी की है। साथ ही किसी भी नागरिक को रूस न जाने की सलाह दी गई है।

**'अमेरिकी धार्मिक कार्यकर्ताओं पर हो रही झूठी कार्वाई'**

ऐंबैसी ने कहा- रूसी अधिकारियों ने झूठे आरोपों पर अमेरिकी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। उन्हें निष्पक्ष कार्रवाई से वंचित रखा जा रहा है। सुनवाई के




दौरान सबूत न होने पर भी उन्हें दोषी ठहराया जा रहा है। साथ ही रूसी अधिकारियों ने मनमाने ढंग से अमेरिकी धार्मिक कार्यकर्ताओं के खिलाफ स्थानीय कानूनों को लागू किया है और धार्मिक एक्टीविटीज में लगे अमेरिकी नागरिकों के खिलाफ संदिग्ध आपराधिक जांच कर रहे हैं।

**पिछले साल भी जारी हुई थी चेतावनी**

रूस ने कहा कि ये पहली बार नहीं है जब अमेरिकी नागरिकों को रूस छोड़ने के लिए कहा गया है। इस तरह की चेतावनी पिछले साल सितंबर में भी जारी की गई थी जब राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस में आंशिक लामबंदी का आदेश दिया था। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्री पेस्कोव ने कहा कि अमेरिका की ये चेतावनी कोई नई बात नहीं है क्योंकि वो ऐसा पहले भी कई बार कर चुके हैं।

## आईएमफ से पाकिस्तान की वार्ता एकबार फिर शुरू

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के बीच एकबार फिर से वार्ता की शुरुआत हुई है। पाकिस्तान ने 31 जनवरी से 9 फरवरी तक इस्लामाबाद में आईएमएफ प्रतिनिधिमंडल के साथ दस दिनों की लंबी वार्ता की थी लेकिन यह वार्ता किसी समझौते



पर नहीं पहुंची थी। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन के मुताबिक वर्चुअल माध्यम से आईएमफ और पाकिस्तान की वार्ता एकबार फिर शुरू हुई है। उम्मीद की जा रही है कि इससे किसी ऐसे सौदे तक पहुंचा जा सकेगा, जो पाकिस्तान के चिंताजनक आर्थिक हालात को संभालने में काफी हद तक मददगार होगा। गौरतलब है कि अभूतपूर्व आर्थिक संकट से जूझ रहा पाकिस्तान सरकार द्वारा 1.1 अरब डॉलर की रकम हासिल करने के लिए आईएमएफ से लगातार बातचीत कर रहा है। पाकिस्तान में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 275 के एतिहासिक निचले स्तर पर पहुंच गया है।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ेगा व्यापार, आपसी रिश्तों की मजबूती पर जोर

**-15 से 17 फरवरी को फिजी में विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेंगे भारतीय विदेश मंत्री**

**सिडनी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रिश्ते और मजबूत होंगे। भारत के विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने ऑस्ट्रेलिया-इंडिया बिजनेस काउंसिल के साथ सिडनी में हुई बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापर बढ़ाने की बात कही।

आगामी 15 से 17 फरवरी तक फिजी में प्रस्तावित विश्व हिन्दी सम्मेलन में भाग लेने जा रहे भारतीय विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन सिडनी में रुके। यहां उन्होंने ऑस्ट्रेलिया-इंडिया बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष जोड़ी मैकके सहित काउंसिल के सदस्यों से मुलाकात की। उनके साथ बैठक में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच व्यापार बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों को और मजबूत करने का संकल्प लिया। इसके लिए संभावित



तरीकों पर भी चर्चा हुई। तय हुआ कि दोनों देश एक-दूसरे की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर आपसी व्यापार बढ़ाएंगे और रिश्तों की मजबूती के लिए सतत प्रयास करेंगे।मुरलीधरन ऑस्ट्रेलिया से फिजी जाएंगे, जहां वे विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ विश्व हिन्दी सम्मेलन के 12वें संस्करण में भाग लेंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर और फिजी के प्रधानमंत्री सित्विनी राबुका बुधवार को फिजी के नान्दी में विश्व हिन्दी सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। फिजी में पिछले साल दिसंबर में एक नयी गठबंधन सरकार के सत्ता में आने के बाद से यह किसी भारतीय नेता की पहली फिजी यात्रा होगी।

सम्मेलन का मुख्य विषय 'हिन्दीः पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक' है। सम्मेलन में एक पूर्ण सत्र गिरमिटिया देशों में हिन्दी पर समर्पित होगा। इस दौरान फिजी और प्रशांत क्षेत्र में हिन्दी, सूचना प्रौद्योगिकी और 21वीं सदी में हिन्दी; मीडिया और हिन्दी को लेकर वैश्विक धारणा, भारतीय ज्ञान परंपराओं और हिन्दी का

**सम्मेलन का मुख्य विषय 'हिन्दीः पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक' है। सम्मेलन में एक पूर्ण सत्र गिरमिटिया देशों में हिन्दी पर समर्पित होगा।**

वैश्विक संदर्भ, भाषायी समन्वय एवं हिन्दी अनुवाद जैसे 10 समानांतर सत्र होंगे। सम्मेलन में हिन्दी सिनेमा के विभिन्न रूपों और वैश्विक परिदृश्य, वैश्विक बाजार और हिन्दी, बदलते परिदृश्य में प्रवासी हिन्दी साहित्य तथा भारत एवं विदेश में हिन्दी शिक्षण, चुनौतियां व समाधान विषयों पर भी चर्चा होगी।

## पाकिस्तान में महंगाई से लोग बेहाल, दूध हुआ 210 रुपये प्रति लीटर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में महंगाई से आम लोगों में त्राहिमाम मचा हुआ है। मुल्क में दूध की कीमत 190 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर 210 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई हैं। मुल्क के प्रमुख अखबार डॉन ने इस पर विस्तृत रिपोर्ट छापी है। इस रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो दिनों में जीवित बॉयलर चिकन में 30 से 40 रुपये प्रति किलोग्राम की वृद्धि हुई है। देश में अब इसकी कीमत 480 से 500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। इसके अलावा पाकिस्तान में चिकन अब 700 से 780 प्रति किलोग्राम की दर से बेचा जा रहा है। कुछ समय पहले तक यह 620 से 650 रुपये प्रति



किलोग्राम में मिल रहा था। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक बिना हड्डी वाले मांस की कीमत 1,000 से लेकर 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। कराची मिल्क रिटेलर्स एसोसिएशन के मीडिया सलाहकार वहीद गद्दी ने कहा कि 1,000 से अधिक दुकानदार बढ़ी हुई कीमत पर दूध बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लोग थोक विक्रेता या डेयरी किसान हैं। ये दुकानदार हमारे सदस्य नहीं हैं। डेयरी किसानों और थोक विक्रेताओं द्वारा घोषित मूल्य वृद्धि वापस नहीं की जाती है, तो दूध की कीमत 220 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर हो जाएंगी। पोल्ट्री की बढ़ती दरों पर सिंध पोल्ट्री होलसेलर्स एसोसिएशन के महासचिव कमाल अख्तर सिद्दीकी ने कहा कि जिंदा मुर्गे की थोक दर 600 रुपये प्रति किलोग्राम थी। मांस की दर 650 रुपये और 700 रुपये के बीच है।

## चीन के हवाई क्षेत्र में कोई भी अमेरिकी गुब्बारा नहीं : व्हाइट हाउस

**-कहा, तीन वस्तुओं को गिराने के मामले में एलियन अथवा दूसरे ग्रह की गतिविधि का संकेत नहीं**

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा कि चीन के हवाई क्षेत्र के ऊपर कोई भी अमेरिकी गुब्बारा नहीं उड़ रहा है। व्हाइट हाउस ने बीजिंग के इस तरह के दावे को रणनीतिक (संचार)संयोजक जॉन किर्बी ने संवाददाता सम्मेलन



में कहा- 'हम चीन के ऊपर कोई निगरानी गुब्बारा और कोई विमान नहीं उड़ा रहे हैं। बीजिंग का ऐसा दावा बेबुनियाद है।' इससे पहले चीन ने आरोप लगाया था कि पिछले साल अमेरिका ने उसकी अनुमति के बिना 10 से अधिक बार गुब्बारे उसके हवाई क्षेत्र में भेजे। उप विदेश मंत्री वेंडी शेरमन ने एक अन्य संवाददाता सम्मेलन में कहा-'पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के ऊपर अमेरिकी सरकार के कोई गुब्बारे नहीं हैं।'

इसके अलावा व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन ज्यां पियरे ने संवाददाताओं से कहा-'हाल ही में तीन वस्तुओं को मार गिराने के मामले में एलियंस अथवा दूसरे ग्रह की गतिविधि के बारे में कोई संकेत नहीं है।' उल्लेखनीय है कि अमेरिका में तीसरी अज्ञात वस्तु मार गिराए जाने के बाद अटकलबाजी शुरू हो गई कि यह एलियंस अथवा दूसरे ग्रह से संबंधित गतिविधि है।

## न्यूजीलैंड में तूफान से तबाही के बाद आपातकाल घोषित

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड में चक्रवात गेब्रिएल की वजह से आए उष्णकटिबंधीय तूफान के बाद राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया गया है। तूफान के कारण हजारों घरों की बिजली गुल हो गयी है और सैकड़ों उड़ानें रद कर दी गयी हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चक्रवात गेब्रियल ने न्यूजीलैंड के उत्तरी द्वीप में तबाही का मंजर ला दिया है। बड़े पैमाने पर बाढ़ के साथ भूस्खलन हुआ है। समुद्री लहरें उमड़ने से समुद्र तट पर अफरातफरी का आलम है। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण हजारों घरों की बिजली गुल हो गयी है। इस कारण विमान सेवाओं का संचालन संभव नहीं हो पा रहा है और सैकड़ों उड़ानें रद कर दी गयी हैं। इस कारण हवाई अड्डों पर भारी भीड़ लगी रही। एयर न्यूजीलैंड की ओर से जानकारी दी गयी कि खराब मौसम की वजह से उड़ानें रद हुई हैं। उम्मीद जताई गयी कि मंगलवार दोपहर बाद कुछ विमान सेवाएं फिर से शुरू करने में सफलता मिलेगी।

तूफान के बाद न्यूजीलैंड



सरकार ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर दी है। पिछले कुछ वर्षों में तीसरी बार न्यूजीलैंड में राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया गया है। इससे पहले 2019 में क्राइस्टचर्च आतंकी हमले और 2020 में कोविड महामारी के दौरान राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया गया था। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण हजारों घरों में बिजली नहीं होने के कारण आपातकालीन प्रबंधन मंत्री कीरन मैकअनल्टी ने राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर किए। मैकअनल्टी ने कहा कि यह एक अभूतपूर्व मौसमी घटना है, जिसका उत्तरी द्वीप के अधिकांश हिस्सों में बड़ा प्रभाव पड़ रहा है।

बाढ़ के पानी और भूस्खलन ने देश भर में कई बस्तियों को काट दिया है। देश के सबसे बड़े शहर ऑकलैंड को भी इस संकट का सामना करना पड़ रहा है। मैकअनल्टी ने कहा कि यह न्यूजीलैंड के लोगों के जीवन के लिए एक वास्तविक खतरे के साथ एक बड़ी आपदा है। उन्होंने मंगलवार को और अधिक बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना जताई। इस कारण आपातकालीन सेवाओं के प्रयास बाधित होने का भी खतरा है। राहत कार्यों में लगे लोगों को व्यापक बाढ़ के साथ फिसलन, क्षतिग्रस्त सड़कों और बुनियादी ढांचे में आई कमी का भी सामना करना पड़ रहा है। न्यूजीलैंड फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज ने कहा कि वेस्ट ऑकलैंड में एक घर गिरने के बाद एक फायर फाइटर लापता है और दूसरे की हालत गंभीर है। दमकल सेवा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी केरी ग्रेगरी के मुताबिक पूरे उत्तरी द्वीप के लिए बीती रात एक कठिन रात रही। सर्वाधिक कठिनाई अग्निशमन व आपातकाल सेवा में जुटे लोगों को उठानी पड़ी लेकिन यह फायर और आपातकाल सेवा के लिए ज्यादा कठिन रही।

न्यूजीलैंड की मौसम विज्ञान एजेंसी ने जानकारी दी कि ऑकलैंड के उत्तर में स्थित व्हानगारेई शहर में पिछले 24 घंटों में सौ मिलीमीटर से अधिक वर्षा हुई है। नॉर्थलैंड क्षेत्र में 140 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलीं जबकि 110 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने के कारण ऑकलैंड हार्बर पुल को बंद करना पड़ा। ऑकलैंड और नॉर्थ आइलैंड में कई स्कूल और स्थानीय सरकारी सुविधाएं बंद हो गई हैं। लोगों से फिलहाल अपनी यात्राएं स्थगित करने को कहा गया है।

## शेयर बाजार ने फिर भरी उड़ान, सेंसेक्स में 600 अंकों की उछाल

**नई दिल्ली।** पिछले दो कारोबारी सत्रों में गिरावट के बाद मंगलवार को शेयर बाजार के दोनों सूचकांक हरे निशान पर बंद हुए। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 600.42 अंकों यानी 0.99 फीसदी की उछाल के साथ 61,032.26 के स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 158.95 यानी 0.89 फीसदी की बढ़त के साथ 17,929.85 के स्तर पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार से अंत तक दोनों प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी दिखी। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयरों में तेजी और 11 शेयरों में गिरावट रही। शुरूआती कारोबार में अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव देखने को मिला, लेकिन कारोबार के अंत में समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में 1.88 फीसदी की तेजी रही। इसके साथ ही अडाणी पोर्ट्स में 1.86 फीसदी और एसीसी में 0.57 फीसदी की तेजी देखने को मिली। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बाजार की बढ़त में आईटी, बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों का योगदान रहा। निफ्टी में जिन शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त दिखी उनमें यूपीएल और आईटीसी के शेयर प्रमुख रहे। दोनों ही शेयरों में तीन-तीन फीसदी की मजबूती देखने को मिली। हालांकि, अपोलो हॉस्पिटल और आयशर मोटर्स के शेयरों में दो-दो फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा अडाणी ट्रांसमिशन, विल्मर, पावर, टोटल गैस, ग्रीन एनर्जी और एनडीटीवी के शेयरों में 5-5 फीसदी की गिरावट रही।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।